# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026








INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

| एक्स-शोरूम कीमत | कम डाउन पेमेंट | ब्याज दर | कॉर्पोरेट ऑफ़र |
|---|---|---|---|
| ₹75,800~ | ₹5,999^ | 6.99%^ | ₹3,200^ |

Hero GoodLife जीतने का मौका चांदी का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स$

pine labs PAY LATER CASHBACK UPTO ₹10,000^

Additional Offers On amazon.in Flipkart

TOLL FREE 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #As per the internal benchmarking of 110cc scooters in India under standard conditions; may vary as per the riding conditions. ##Basis the data available in public forum for products in 110cc scooter segment. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. Offer valid for a limited period. Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. $Offer valid only on purchase of new Hero Two-wheeler. Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. ~Ex-Showroom Price applicable in Chhattisgarh only. Ex-Showroom price is for the Destini 110 VX variant. Creative Visualization. *T&C apply.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलौदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, पिथौरा: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़ला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झलमला: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बैरला: कान्हा मोटर्स 6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, पलारी: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंडरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, सिमगा: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, इरमिनार- कांकेर: अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूर: रिशान सर्विसेज, 6267323235, मोहारा पाटन: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुकदुर: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा: आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुर: दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोली: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी: अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ा: साई मोटर्स, 9754329434, राजिम: राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांव: जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसीवा: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुर: माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामा: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारी: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखारा: प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युइन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.

RS/Hero/07/26



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## संसद में हंगामा, सड़क पर बवाल, धरनास्थल से हटाए गए राहुल और अखिलेश

- राहुल गांधी प्रदर्शन के दौरान हाथ बांधे नजर आए
- पुलिस अधिकारी भी उन्हें धरना खत्म करने के लिए समझाते दिखे
- कर्नाटक के मुख्यमंत्री शिवकुमार धरने पर पहुंचे

एनडीए की बैठक में बोले प्रधानमंत्री

## नीट पेपर लीक के जिम्मेदारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संसदीय दल की बैठक में परीक्षा पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और देश के युवाओं के हितों की रक्षा करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। प्रत्येक मंगलवार को होने वाली एनडीए की यह बैठक 'मंगल मिलन' के नाम से जानी जाती है। संसद भवन के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में हुई इस बैठक के बारे में जानकरी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को प्रधानमंत्री के संबोधन की प्रमुख बातों ▶▶।शेष पेज 5 पर

### पेपरलीक के दोषी जेल भेजे गए

*प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने पेपरलीक किया है और जो दोषी पाए गए हैं, उनको जेल में डाला गया है। उन्होंने अपील की है कि उनकी जो सजा है उसको सख्त से सख्त सजा कैसे दिया जाए उसमें टॉप क्लास के वकील भी साथ दें, ताकि पेपर लीक का जो पाप उन्होंने किया है उसमें उन्हें सख्त सजा मिले। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में भी बात की जो भारत ने कई देशों के साथ किए हैं। बैठक के दौरान, मोदी ने कहा कि हर मुक्त व्यापार समझौते में भारतीय किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी समझौते किसानों के कल्याण और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए गए हैं।*

### विक्षपी दलों से संसद में मांगा सहयोग

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि संसद के मॉनसून सत्र का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए विधेयकों को पारित कराने में रचनात्मक और सकारात्मक भूमिका निभाएगा। रिजिजू ने विपक्षी दलों से संसद में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भले ही राजनीतिक मतभेद हों, लेकिन सभी सांसद देश की सेवा करने, उसके भविष्य की रक्षा करने और युवाओं के कल्याण के लिए काम करने के लिए चुने गए हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से व्यापक राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# नीट की लड़ाई, पीएम के घर तक आई

नीट और उससे जुड़े मुद्दों पर संसद के मानसून सत्र में सरकार और कांग्रेस के बीच टकराव और गहरा गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन किया और संसद में चर्चा की मांग उठाई। पीएम आवास के पास मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे धरने पर बैठे कांग्रेसियों को पुलिस शाम साढ़े 6 बजे उठाकर ले गई। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव समेत कई नेता को हिरासत में ले लिया। कुछ देर बाद सभी नेताओं को रिहा कर दिया गया।

## प्रधानमंत्री आवास के निकट कांग्रेस का धरना, राहुल प्रियंका समेत कई नेता हिरासत में, फिर रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास के निकट धरना दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग की। बाद में पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कई अन्य नेताओं को हिरासत में लिया और उन्हें बस में बैठाकर ले जाया गया। बस में बैठाने के दौरान प्रियंका गांधी ने प्रतिरोध भी किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इस धरना में शामिल हुए थे। कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस्तीफे की मांग करते हुए '7 लोक कल्याण मार्ग' के निकट धरना दिया और 'प्रधानमंत्री इस्तीफा दो', 'गुंडागर्दी नहीं चलेगी' तथा 'छात्रों को न्याय दो' जैसे नारे लगाए। धरना शुरू होने के कुछ देर बाद पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कई अन्य ▶▶।शेष पेज 5 पर





### खड़गे का जन्मदिन और सीक्रेट प्लानिंग

मंगलवार को सुबह से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया पर खड़गे को जन्मदिन की बधाई दी। लेकिन इसके तुरंत बाद खड़गे ने ऐलान किया कि वे छात्र प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में जन्मदिन नहीं मनाएंगे। दोपहर में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई बड़े कांग्रेस नेता खड़गे के सरकारी आवास पहुंचे। सुरक्षा एजेंसियों और मीडिया को यही लगा कि नेता केवल खड़गे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए जुटे हैं। खड़गे के आवास से प्रधानमंत्री आवास की दूरी महज 1 किलोमीटर है। बैठक खत्म होते ही सभी नेता गाड़ियों में बैठने के बजाय अचानक पैदल ही मार्च करते हुए सड़क पर निकल पड़े।

### फिर जंतर-मंतर पहुंचे छात्र और समर्थक



*कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) की ओर से आयोजित संसद मार्च के एक दिन बाद मंगलवार को सैकड़ों छात्र और समर्थक फिर जंतर-मंतर पहुंचे। उनका कहना है कि पुलिस के बल प्रयोग की कार्रवाई ने आंदोलन को कमजोर करने के बजाय और मजबूत किया है तथा वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। दोपहर में जंतर-मंतर का प्रदर्शन स्थल छात्रों, उनके अभिभावकों और समर्थकों से खचाखच भर गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मेडिकल की प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं को लेकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई।*

### भूपेश-फूलोदेवी भी शामिल



दिल्ली में हुए इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ की राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए। पूर्व सीएम बघेल ने एक्स पर अपनी फोटो शेयर करते हुए लिखा, नरेंद्र मोदी इस्तीफ़ा दो!
प्रधानमंत्री आवास के बाहर से पुलिस ने हमारे वरिष्ठ नेताओं के साथ मुझे भी बस में बैठा लिया है। एयरपोर्ट की तरफ़ कहीं लेकर जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने मेरा एक जूता भी ले लिया है।

### दोनों सदन दिनभर के लिए स्थगित

मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भी नीट-यूजी पेपरलीक और राम मंदिर चंदा चोरी जैसे मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जोरदार अंदाज में जारी रहा। लोकसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल दोनों बाधित हुए और कार्रवाई को दो बार के स्थगन के बाद दोपहर 2 बजकर 4 मिनट पर दिनभर के लिए (बुधवार 11 बजे तक) स्थगित कर दिया गया।

### वांगचुक मेदांता शिफ्ट



उधर, सोनम वांगचुक को मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट कर दिया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में शिफ्ट करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि मेदांता के डॉक्टर उनका इलाज करेंगे और सफदरजंग अस्पताल के सभी मेडिकल रिकॉर्ड तुरंत मेदांता को उपलब्ध कराए जाएंगे। मेदांता के डायरेक्टर की ओर से डॉक्टरों का एक पैनल भी गठित किया जाएगा।

### शिक्षक का अपहरण

**कन्नौज।** सरकारी स्कूल के एक शिक्षक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को कन्नौज जिले की सदर कोतवाली पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।




### खबर संक्षेप

#### भिलाई संयंत्र की क्षमता 68 लाख से 1.02 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपनी मुख्य इकाई- भिलाई इस्पात संयंत्र की क्षमता 68 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 1.02 करोड़ टन प्रति वर्ष करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इस पर जिस पर अनुमानित लागत 31,000 करोड़ रुपये आएगी। सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को यह जानकारी दी।

#### घर में आग, महिला और दो बेटियों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोधी रोड स्थित बीके दत्त कॉलोनी के एक घर में मंगलवार को आग लगने से एक महिला और उसकी दो नाबालिग बेटियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आकांशा शर्मा (40), 12 वर्षीय आराध्या (मित्ज़ी) और आठ वर्षीय मिहिका (रित्ज़ी) के रूप में हुई है। घर में आग लगने की सूचना सुबह करीब 10 बजकर 20 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

भाजपा का मिशन 2028- पहली बार बूथ स्तर के पदाधिकारियों को दिया जाएगा आई कार्ड

## शिव प्रकाश की दो टूक- जिलों के प्रभारी से समन्वय बनाकर काम करें प्रभारी मंत्री

### सत्ता-संगठन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

खास खबर

सत्ता और संगठन के बीच समन्वय को लेकर भाजपा का राष्ट्रीय संगठन बहुत गंभीर है। यही वजह है कि राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में दो टूक कहा, जिलों के प्रभारियों के साथ मिलकर प्रभारी मंत्रियों को काम करना है। प्रभारी मंत्रियों से हर माह जिले की कोर ग्रुप की बैठक में भी रहने को कहा गया है। समन्वय बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव को जिम्मेदारी भी दी गई है। मिशन 2028 की तैयारी के लिए पहली बार बूथ स्तर के आधा दर्जन पदाधिकारियों को पार्टी का आई कार्ड देने का भी फैसला किया गया है। कोर ग्रुप की बैठक में भी सत्ता और संगठन ▶▶।शेष पेज 5 पर



### कोर ग्रुप में भी सत्ता-संगठन के समन्वय पर चर्चा

*कोर ग्रुप की बैठक में भी सत्ता और संगठन के बीच तालमेल को लेकर चर्चा की गई। कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री निवास में सभी मंत्रियों की बैठक सत्ता और संगठन में तालमेल को लेकर की गई थी। इस बैठक में संगठन की तरफ से प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल शामिल हुए थे। कोर ग्रुप में इस बात को लेकर चर्चा की गई कि सत्ता और संगठन के बीच तालमेल बनाकर काम करना है। संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को काम करने ही नसीहत दी गई है। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भी चर्चा की गई कि इसमें सरकार की तरफ से क्या होगा और संगठन की इसमें क्या भूमिका रहेगी। कोर ग्रुप की बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री* ▶▶।शेष पेज 5 पर

### कोर ग्रुप की बैठक में रहें प्रभारी मंत्री

राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर अब हर माह बूथ लेकर जिला और प्रदेश स्तर पर लगातार बैठक करने का फैसला किया गया है। इसको लेकर शिव प्रकाश ने साफ कहा, जिलों के लिए यह जरूरी है कि जिलों के प्रभारियों के साथ वहां के प्रभारी मंत्री समन्वय बनाकर काम करें। कार्यकर्ता का खास ध्यान रखना जरूरी है। कार्यकर्ताओं का काम रुकना नहीं चाहिए, उसको प्राथमिकता से किया जाए। इसी के साथ प्रभारी मंत्रियों से जिलों की कोर ग्रुप की बैठक में अनिवार्य रूप से रहने के लिए कहा गया।

हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट

## तहसीलदार के पास जाति प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बिलासपुर

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए तहसीलदार सक्षम प्राधिकारी नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि सामान्यतः अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ-राजस्व) ही जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत प्राधिकारी हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू की एकलपीठ ने बिलासपुर निवासी शैली सोनकर की ओर से दायर याचिका का ▶▶।शेष पेज 5 पर

### नए सिरे से आवेदन करने की छूट

*हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ता को संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ-राजस्व) के समक्ष नए सिरे से आवेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी। साथ ही निर्देश दिया कि यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन किया जाता है, तो सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुरूप शीघ्र निर्णय लें।*

## सरगुजा में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी खेल, गिरोह के पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबिकापुर

- बिटगेट वॉलेट में करा रहे थे निवेश, फरार आरोपियों की तलाश जारी

सरगुजा में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। लोगों को सेमिनार में बुलाकर लाखों रूपए की कमाई का लालच देकर क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कराया जा रहा है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी नेपाल से ट्रेनिंग लेकर आए हैं और लोगों को सेमिनार में बुलाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में समय ▶▶।शेष पेज 5 पर



### नेपाल से आए थे ट्रेनिंग करके

पुलिस की जांच में बात सामने आई कि आरोपी नेपाल से ट्रेनिंग करके आए है। नेपाल में उन्होंने अपनी ट्रेनिंग में जो कुछ भी सीखा है उसके आधार पर सरगुजा में सेमिनार कर लोगों से दस दस हजार रूपए का निवेश कराकर अपने नीचे जोड़ने का काम कर रहे है। त्रिपाल के कहे पर विद्याचरण ने भी अपने दस हजार रुपए बिटगेट वॉलेट में लगाए थे। सेमिनार में आरोपियों ने बताया कि आरोपी को त्रिभुवन साहू व रमाशंकर साहू के बताए अनुसार प्लेटफार्म से क्रिप्टो ▶▶।शेष पेज 5 पर



# आइए जानते हैं, क्या है 'वंदे मातरम' बिल और पहले राज्यसभा में ही क्यों होगा पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र चल रहा है और इसमें केंद्र सरकार वंदे मातरम् बिल 2026 (राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन विधेयक,2026) पेश करेगी। केंद्र सरकार का मकसद इस बिल को कानून बनाना है, ताकि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को राष्ट्रीय गान की तरह कानूनी सुरक्षा मिले। वंदे मातरम का अपमान करने वालों को सजा मिले। वर्तमान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए केंद्र सरकार 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम 1971' में संशोधन करके राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को भी राष्ट्रीय प्रतीक बनाकर कानूनी दर्जा देना चाहती है। अब तक अधिनियम में राष्ट्रीय ध्वज (धारा 2), राष्ट्रगान (धारा 3) और संविधान (धारा 1ए) का अपमान करने पर सजा का प्रावधान है, लेकिन बिल पारित होने के बाद इस सूची में वंदे मातरम् भी शामिल हो जाएगा।

# 'वंदे मातरम' का 'जानबूझकर' अपमान करने पर होगी सजा

## संसद के चल रहे मौजूदा मानसून सत्र में पेश किया जाएगा इससे जुड़ा विधेयक

### पहले राज्यसभा में ही क्यों पेश होगा बिल?

बता दें कि आमतौर पर संसद में धन विधेयकों को छोड़कर कोई भी बिल पहले लोकसभा में पेश किया जाता है और यहां पारित होने के बाद राज्यसभा में पेश किया जाता है, लेकिन केंद्र सरकार वंदे मातरम बिल को पहले राज्यसभा में पेश करेगी। हालांकि बिल को पहले राज्यसभा में पेश करने के पीछे कोई नियम या संवैधानिक कानून नहीं है, बल्कि कोई भी बिल किसी भी सदन में पहले पेश किया जा सकता है। लेकिन वंदे मातरम बिल को पहले राज्यसभा में पेश करने का कारण विशेष रणनीति, ज्यादा कार्यभार, बिल का विवादित होना और बिल पर चर्चा के लिए ज्यादा समय की जरूरत है।

### अपमान पर सजा के लिए प्रावधान

वंदे मातरम् कानून लागू होने के बाद इसका अपमान करने पर या इसके गायन में रुकावट डालना दंडनीय अपराध होगा। प्रस्तावित बिल की धारा 3 के तहत दोषी को 3 साल तक की जेल या जुर्माना या जेल-जुर्माना दोना हो सकता है। ऐसे मामले में एक बार दोषी साबित होने के बाद दोबारा वही गलती करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान बिल में किया गया है। इसी तरह की सजा वर्तमान में राष्ट्रगान के अपमान पर दी जाती है।



### अनजाने में गलती पर नहीं होगी सजा

वंदे मातरम बिल में प्रावधान किया गया है कि गलती से या अनजाने में हुए अपमान के लिए सजा नहीं दी जाएगी, बल्कि अपमान जानबूझकर किया गया है, यह साबित करना होगा। वंदे मातरम् के गायन में बाधा डालना, खलल डालना या अन्य किसी रूप में उसक अपमान करना दंडनीय अपराध होगा और पुलिस इन मामलों में सीधे एफआईआर दर्ज कर सकेगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 3 महीने पहले एक मामले में फैसला दिया था कि वंदे मातरम नहीं गाना दंडात्मक अपराध नहीं है। इस फैसले के बाद और वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के मौके पर केंद्र सरकार यह बिल लेकर आई है।

### गायन के होंगे नियम

वंदे मातरम बिल में इसके कुछ नियमों का प्रावधान भी किया गया है, यानी वंदे मातरम् गाते समय कुछ नियमों का पालन करना होगा। जैसे वंदे मातरम के 6 अंतरे ही गाए जाएंगे। सरकारी कार्यक्रमों में इसका गायन अनिवार्य होगा। स्कूलों में प्रार्थना से पहले और सरकारी कार्यक्रम की शुरुआत में गया जाएगा। 3 मिनट 10 सेकंड में गाया जाएगा और गायन के दौरान सावधान मुद्रा में रहना होगा।

### वंदे मातरम को लेकर क्यों हो रही सियासत?

वंदे मातरम बिल को लेकर विवाद भी जारी है, क्योंकि भाजपा जहां इस बिल को राष्ट्रीय सम्मान बता रही है, वहीं कांग्रेस ने इस बिल को मोदी सरकार की जेल भरो नीति बताया है। कांग्रेस सांसद मणिक्कम टैगोर ने बिल को आरएसएस से प्रेरित शक्ति का दुरुपयोग बताया है। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर वंदे मातरम से जुड़े तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा का कहना है कि कांग्रेस को वंदे मातरम् से नफरत है। कांग्रेस ने इसे छोटा करके इसका अपमान किया है। मुस्लिम लीग और मोहम्मद अली जिन्ना को खुश करने की कोशिश की थी। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि भाजपा इसे कानूनी दर्ज दिलाए।

## खबर संक्षेप

### खाद्य योजना ग्रामीण उद्यमिता की ताकत

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश का सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण (माइक्रो फूड प्रोसेसिंग) क्षेत्र जमीनी स्तर पर उद्यमिता को नई गति दे रहा है और विशेष रूप से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान द्वारा लिखे गए एक लेख को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना देशभर में छोटे खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रही है।



### महुआ को हाई कोर्ट से अंतरिम राहत

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को कथित 'हेट स्पीच' मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ 5 अक्तूबर तक किसी भी तरह की सख्त पुलिस कार्रवाई पर रोक लगा दी है।अदालत ने साफ किया कि यह राहत तभी तक लागू रहेगी, जब तक महुआ मोइत्रा जांच में पूरा सहयोग करें और अदालत की ओर से तय सभी शर्तों का पालन करें। इस आदेश के बाद फिलहाल उनकी गिरफ्तारी या अन्य सख्त कार्रवाई पर रोक लग गई है।



### ट्रम्प ने कनाडा पर लगाया 50% टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा से आयात होने वाले कई उत्पादों पर 50% नया टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि कनाडा अमेरिकी शराब, ऑटोमोबाइल और डेयरी उत्पादों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रहा है। नया टैरिफ 30 दिन बाद लागू होगा। व्हाइट हाउस के मुताबिक एनर्जी, पोटाश और पहले से सेक्टर-विशेष टैरिफ के दायरे में आने वाले उत्पादों को इससे बाहर रखा गया है।



## शंभू, सिंधु बार्डर पर लगा लंबा जाम | हरियाणा सरकार के आश्वासन के बाद दिल्ली कूच फिलहाल किया स्थगित | देश बचाओ मोर्चा का है यह आंदोलन

# ट्रेड डील के विरोध में शंभू बॉर्डर पर उमड़ा किसानों का हुजूम, रोका गया दिल्ली जाने से

भारत के अन्नदाता एक बार फिर से बड़ी संख्या में दिल्ली कूच करने की कोशिश की। अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में देश के विभिन्न राज्यों से किसान संगठनों ने दिल्ली के किसान घाट पर महापंचायत आयोजित करने का आह्वान किया। इसके लिए बड़ी संख्या में शंभू बॉर्डर पर किसान एकत्रित हुए, हालांकि शंभू बार्डर पर इन्हें रोक दिया गया। जानकारी के अनुसार, बाद में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसानों ने दिल्ली कूच फिलहाल स्थगित कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

'देश बचाओ मोर्चा' के बैनर तले मंगलवार को प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में दिल्ली के किसान घाट पर एक दिवसीय 'किसान महापंचायत' आयोजित की जा रही है। किसान नेताओं ने पहले कहा था कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से किसान महापंचायत में शामिल होंगे। इस योजना के तहत पंजाब से करीब एक हजार किसान अपने-अपने संगठनों के झंडे लेकर मंगलवार को शंभू सीमा पहुंचे, जहां से उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया गया। प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के हिस्सों पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। वहीं, किसान नेताओं ने कहा कि बड़ी संख्या में किसानों को खनौरी सीमा, कुरुक्षेत्र के शाहाबाद और करनाल में भी रोका गया। कुरुक्षेत्र में किसानों ने दावा किया कि उन्हें ज्योतिसर के पास रोक दिया गया। पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने नायब सिंह सैनी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि किसान शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली जाना चाहते थे, लेकिन उन्हें हरियाणा सीमा पर रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि किसान प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को पूरी तरह रद्द किए जाने की मांग कर रहे हैं।

■ पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, अतिरिक्त पुलिस बल तैनात



### ट्रेड डील को लेकर किसानों का डर

*किसान संगठनों का कहना है कि उनका विरोध प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर है। उनका आरोप है कि इस समझौते के कई अहम पहलुओं को सार्वजनिक नहीं किया गया है और इससे भारतीय कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। प्रदर्शनकारी किसानों का दावा है कि अगर कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े उत्पादों पर आयात के रास्ते आसान किए गए तो देश के किसानों की आय और बाजार दोनों प्रभावित होंगे।*

### चढ़ूनी को किया गया रिहा, मांगों पर सहमति के बाद वापस लौटे किसान

जानकारी के अनुसार, अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसानों ने मंगलवार को प्रस्तावित दिल्ली कूच और किसान घाट महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी है। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसान वापस लौट गए हैं। कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी को भी रिहा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव दिलबाग सिंह दिराजके ने बताया कि हिरासत में लिए गए किसान नेताओं की रिहाई और केंद्र सरकार से वार्ता कराने पर सहमति बनने के बाद धरना स्थगित करने का फैसला लिया गया।

### ये हैं वे दो मांगे

पहली मांग किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी की रिहाई की थी, जबकि दूसरी मांग केंद्र सरकार के साथ औपचारिक वार्ता शुरू कराने की थी। बैठक के बाद हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि सरकार ने दोनों मांगों को स्वीकार करते हुए गुरनाम सिंह चढ़ूनी को जल्द रिहा करने और एक सप्ताह के भीतर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ किसानों की बैठक कराने का आश्वासन दिया है।

## गल्फ देशों में भीषण 'महासंकट'

# ईरान का पूर्ण युद्ध का ऐलान अमेरिका के लगातार हमले



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच 10 दिन से जारी संघर्ष अब पूर्ण युद्ध में बदल गया है। खुद ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजे पेजेशकियन ने युद्ध का ऐलान किया है। इस बीच अमेरिका ने लगातार 10वें दिन ईरान पर हमले किए तो ईरान ने भी कुवैत में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागीं।

अमेरिका के हमलों से बंदर अब्बास समेत कई इलाकों में धमाके सुनाई दिए। होर्मुज स्ट्रेट बंद है और अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की हुई है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर ईरान पर 10 दिन से हमले किए जा रहे हैं। 10वें दिन भी होर्मुज स्ट्रेट से सटे दक्षिणी ईरान में हमले किए गए। बमबारी और मिसाइल अटैक के बाद बंदर अब्बास, बुशहर, इस्फाहान, चाबहार, कोनारक समेत कई इलाकों में धमाके सुनाई दिए। वहीं ईरान पर ताजा हमले अमेरिका के सैनिक की मौत के बाद और कुवैत, जॉर्डन और बहरीन में ईरान के ड्रोन-मिसाइल अटैक के जवाब में किए गए हैं।

### ईरानी राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान

*दूसरी ओर, अमेरिका के हमलों का जवाब देते हुए ईरान की सेना ने मंगलवार सुबह कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। इस बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने घोषणा की है कि अमेरिका के साथ अब पूर्ण जंग शुरू हो चुकी है। कुवैत के आरिफजान अड्डे पर तैनात अमेरिकी सेना पर हमला किया गया है। सैन्य अड्डे पर तैनात अमेरिका के हिमर्स मिसाइल सिस्टम पर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से हमला किया गया।*

## शिंदे सेना में विलय को दी गई है मंजूरी

# बागी सांसद मामले में उद्धव सेना की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट राजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उद्धव ठाकरे की शिवसेना की उस याचिका पर जल्द सुनवाई के लिए सहमति दे दी है, जिसमें पार्टी के 6 सांसदों के एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने को चुनौती दी गई है। शिवसेना (यूबीटी) की ओर से वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने कोर्ट में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का फैसला मौजूदा संसद सत्र को प्रभावित करने के उद्देश्य से लिया गया है। इसलिए मामले की तत्काल सुनवाई जरूरी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले को जल्द सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। हालांकि, सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं की गई है। 22 जून को उद्धव के 9 लोकसभा सांसदों में से बागी 6 सांसद शिंदे गुट में शामिल हो गए थे।



### सीजेआई ने दिया आश्वासन

कामत ने पीठ से आग्रह किया कि याचिका को बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'हम देखेंगे।' कामत ने पीठ को बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने 18 जुलाई को शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय को मंजूरी दे दी थी। उन्होंने कहा, 'अध्यक्ष ने छह सांसदों के विलय को मान्यता दे दी है।' कामत ने दलील दी कि यह राष्ट्रीय स्तर पर एक नई प्रवृत्ति बन गई है, जिसमें सांसद उन दलों में शामिल हो रहे हैं जिनके खिलाफ उन्होंने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी।

### बिरला ने दी थी मंजूरी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले 18 जुलाई को शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय को मंजूरी दी थी। मॉनसून सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भी उद्धव सेना ने स्पीकर के फैसले का विरोध किया था और वॉकआउट कर दिया था। स्पीकर ने टीएमसी के बागी सांसदों को भी एक छोटी पार्टी में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी।

## ब्रिटेन में 2 भारतवंशियों को मिला मंत्री पद



**लंदन।** ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने सोमवार को पद संभालते ही अपनी नई कैबिनेट का गठन किया। BBC के मुताबिक, बर्नहैम ने अपनी नई टीम में कई पुराने मंत्रियों को बनाए रखा है, जिनमें कनिष्क नारायण और लीजा नंदी भी शामिल हैं। कनिष्क नारायण को कृत्रिम मेधा (एआई) मंत्री बनाया गया है, जबकि लीजा नंदी को संस्कृति मंत्री के पद पर बरकरार रखा गया है। कनिष्क का जन्म बिहार के मुजफ्फरपुर में हुआ था। 12 साल की उम्र में वह अपने परिवार के साथ ब्रिटेन के कार्डिफ चले गए। राजनीति में आने से पहले उन्होंने तकनीक और वित्त क्षेत्र में काम किया।

## रूस के मिसाइल हमले में मारे गए हैं चार भारतीय नाविक

# नाविकों की मौत, भारत ने रूसी कार्यवाहक राजदूत को किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बीते रविवार को यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से बाहर निकलते वक्त गिनी बिसाऊ के ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज 'एमवी गोल्डन लियो' पर किए गए रूस के मिसाइल हमले में मारे गए 4 भारतीय नाविकों के मामले को लेकर भारत ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को नई दिल्ली में रूस के दूतावास में तैनात कार्यवाहक राजदूत (चार्ज-डी अफेयर्स) व्लादिमीर लादानोव को तलब कर विरोध जताया है। जिसमें रूसी अधिकारी के समक्ष हमले की इस घटना को लेकर गंभीर रूप से चिंता जताते हुए कड़ी निंदा की गई है।



### भविष्य में न हों ऐसी घटनाएं

मंत्रालय ने बताया ने रूस के कार्यवाहक राजदूत के समक्ष भारत ने दो टूक अंदाज में यह साफ कर दिया है कि इस प्रकार से वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना और उसकी वजह से मारे जा रहे निर्दोष नागरिकों जैसे मामले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए और उनसे किसी भी सूरत में बचना चाहिए। इसके अलावा इस बात पर भी जोर दिया कि हमलों से जुड़ी इस तरह की घटनाएं वैश्विक समुद्री व्यापार की सुरक्षा और स्थिरता दोनों को कमजोर करती हैं।

### जहाज में थे सीरिया भारत के नागरिक

यहां बता दें कि हमले में चार भारतीयों की मौत हो गई है। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसे यूक्रेन के किसी स्थानीय अस्पताल में जरूरी उपचार प्रदान किया जा रहा है। भारत के मिशन के अधिकारी यूक्रेन के अधिकारियों के साथ मामले को लेकर निकट संपर्क बनाए हुए हैं और इस घटना से प्रभावित हुए देश के नागरिकों के परिजनों तक हर संभव सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। एमवी गोल्डन लियो में चालक दल के कुल 17 सदस्य (सीरिया, भारत के नागरिक थे) सवार थे। जिनमें 5 भारतीय शामिल हैं।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी, सीधे सुप्रीम कोर्ट को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

# जांच के लिए एसआईटी को मिला एक महीने का और समय

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) को उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महीने का अतिरिक्त समय दे दिया है। एसआईटी ने जांच पूरी करने के लिए सरकार से अतिरिक्त समय की मांग की थी, जिसे मंजूरी मिल गई है। अब टीम तय समय के भीतर अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार करेगी। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एसआईटी के पुनर्गठन की भी तैयारी शुरू हो गई है। अदालत ने मामले की जांच किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में कराने की सलाह दी है। ऐसे में आईबी, सीबीआई और एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों में काम कर चुके वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी किरण एस नई एसआईटी की कमान संभाल सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक नई एसआईटी में तीन आईपीएस अधिकारियों को शामिल किया जाएगा, जबकि वर्तमान टीम में मौजूद आईएएस अधिकारियों को हटाया जा सकता है। जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह बदलाव किया जा रहा है।

■ अयोध्या में हुए खुलासे के बाद देशभर में मचा हुआ है बवाल



### सीधे सुको को सौंपेगी जाएगी

*बताया जा रहा है कि नई एसआईटी अपनी जांच रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को नहीं, बल्कि सीधे सुप्रीम कोर्ट को सौंपेगी। माना जा रहा है कि इससे जांच प्रक्रिया अधिक स्वतंत्र और पारदर्शी होगी व मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सकेगी। इधर, अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और उसके भतीजे मनीष यादव की 39 घंटे की पुलिस रिमांड पूरी हो गई है। रिमांड के दौरान अयोध्या पुलिस और क्षेत्राधिकारी (अयोध्या) आशुतोष तिवारी की टीम ने दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की, जिसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने का दावा किया जा रहा है।*

### पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड हैं कंपनी

सूत्रों के अनुसार एसआईटी पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि टिन्नू यादव ने कथित रूप से चढ़ावा चोरी से अर्जित धन का उपयोग वाहन खरीदने और शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अर्टिगा कार और एक रॉयल एनफील्ड बुलेट भी बरामद की है। बरामद वाहनों का वीडियो भी सामने आया है। इस बहुचर्चित मामले में अब तक आठ आरोपियों में से छह की पुलिस पहले ही रिमांड ले चुकी है। पूछताछ और कार्रवाई के दौरान पुलिस नकदी, आभूषण और कई वाहन बरामद कर चुकी है।

### कई अहम बिंदुओं पर पूछताछ

वहीं, मुख्य आरोपी टिन्नू यादव और मनीष यादव की रिमांड भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय से स्वीकृत होने के बाद पुलिस ने उनसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक जांच में यह भी सामने आया है कि टिन्नू यादव की पत्नी के नाम से एक फर्म पंजीकृत है, जिसके माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की गईं।

## आंध्र और महाराष्ट्र के बाद बिहार तक मिले केस

# भागलपुर में बाप-बेटी निकले कोरोना पॉजिटिव, अलर्ट जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में कोरोना के मामले सामने आने के बाद बिहार में भी मामले सामने आ रहे हैं। बिहार के भागलपुर जिले में एक 65 साल के बुजुर्ग और उनकी 35 साल की बेटी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। दोनों को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल यानी जेएलएनएमसीएच में भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है। अस्पताल अधीक्षक एचपी दुबे ने सोमवार को इसकी जानकारी दी. शुरुआत में दुबे ने दूसरे मरीज को बुजुर्ग की पत्नी बताया था, लेकिन बाद में उन्होंने साफ किया कि वह उनकी बेटी हैं। अस्पताल अधिकारियों के मुताबिक बुजुर्ग की तबीयत 15 जुलाई को बिगड़ी थी। शुरुआत में उनका इलाज एक निजी क्लिनिक में हुआ, लेकिन कोरोना जैसे लक्षण दिखने पर उन्हें जेएलएनएमसीएच रेफर किया गया। रविवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और आरटी-पीसीआर जांच में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। इसके बाद जब उनके संपर्क में आए लोगों की जांच की गई तो उनकी बेटी भी पॉजिटिव पाई गईं।



रायपुर
बुधवार 22 जुलाई 2026
आषाढ़, शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 2
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 28.08
न्यून. 25.03

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07
10 खेलों में सिमटा कॉमनवेल्थ हॉकी...

विचार पेज
02 बलूचिस्तान में स्वघोषित आजादी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# नक्सल प्रभाव से मुक्त जिलों के सुरक्षा कैंप बनेंगे गुंडाधुर सेवा डेरा, यहां होगी जनसेवा

## वामपंथी उग्रवाद प्रभावित रहे जिलों की बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नक्सलवाद की काली छाया से मुक्त होने के बाद अब छत्तीसगढ़ के उन जिलों में हालात बदलने की तैयारी है जो कभी एलडब्ल्यूई यानी लेफ्ट एक्सट्रीम (वामपंथी उग्रवाद) से बुरी तरह जूझ रहे थे।

इन जिलों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सुरक्षा कैंप (सीएपीएफ कैंप) बनाए गए थे। अब इन सुरक्षा कैंपों को गुंडाधुर सेवा डेरा बनाने की योजना पर राज्य सरकार ने काम शुरू किया है। इन सेवा डेरों में एक ही स्थान पर विभिन्न नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बताया गया है कि सुरक्षा कैंपो की जगह गुंडाधुर सेवा डेरा बनाने के लिए 151 कैंपों का चयन किया गया है। यहां स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार समन्वित सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसकी योजना बनाकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा गया है। यह विभाग शिविरों को गुंडाधुर सेवा डेरा के रूप में विकसित करने के लिए प्रारूप गाइडलाइन बना चुकी है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ये है एक नई अवधारणा

शहीद वीर गुंडाधुर सेवा डेरा' छत्तीसगढ़ सरकार की एक नई अवधारणा है, जिसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और नक्सलवाद से मुक्त हो रहे बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा कैंपों को जनसेवा केंद्रों में बदलना है। इस योजना का मूल विचार यह है कि जिन सुरक्षा कैंपों की स्थापना कभी नक्सलवाद से मुकाबले के लिए की गई थी, उन्हें अब धीरे-धीरे शहीद वीर गुंडाधुर सेवा डेरा के रूप में विकसित किया जाए, ताकि वे ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के केंद्र बन सकें।




### सेवा डेरा में क्या-क्या सुविधाएं होंगी?

सरकार की अवधारणा के अनुसार इन सेवा डेरों में एक ही स्थान पर विभिन्न नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जैसे—बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं। आधार कार्ड और अन्य पहचान दस्तावेजों से जुड़ी सेवाएं। आय, जाति, निवास सहित अन्य प्रमाण-पत्रों के लिए सहायता। राशन, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ।स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा शिविर।शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार संबंधी सेवाएं।प्रशासनिक विभागों की नियमित जनसेवा गतिविधियां।

## खबर संक्षेप

### राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक के लिए पहुंचे सदस्य

**अयोध्या।** भगवान श्री रामलला मंदिर के दान में गबन के विवाद के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास (ट्रस्ट) की बुधवार को होने वाली दूसरी बैठक के लिए इसके सदस्य मंगलवार को अयोध्या पहुंचने लगे हैं। बैठक में शामिल होने के लिए ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरि और सदस्य विश्व तीर्थ प्रपन्नाचार्य, वासुदेवानंद सरस्वती और कार्यवाहक महासचिव कृष्ण मोहन मंगलवार दोपहर अयोध्या पहुंच गए हैं।



### एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में दो भाई डूबे

**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में मंगलवार को एक कृत्रिम जलाशय (डिग्गी) में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना सुबह रायसिंहनगर क्षेत्र के 56 एनपी गांव में हुई, जहां दोनों भाई खेत में काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि पाइप ठीक करते समय 20 वर्षीय राजदीप सिंह का पैर फिसल गया और वह पानी से भरी डिग्गी में गिर गया। छोटे भाई राजदीप के डिग्गी में गिरते ही बड़ा भाई 24 वर्षीय गुरजीत सिंह उसे बचाने के लिए तुरंत पानी में कूद गया, लेकिन गहरे पानी में दोनों डूब गए।''

### बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री के ठिकानों पर छापे

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस ने सरकारी क्षेत्र की मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एक अधीक्षण यंत्री के इंदौर, धार और मुरैना स्थित ठिकानों पर मंगलवार को छापे मारे। उनके तथा परिजनों से जुड़ी करीब 7.16 करोड़ रुपये की संपत्तियों एवं व्यय का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर स्थित मुख्यालय में पदस्थ अधीक्षण यंत्री शिवराम सेमिल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी।




### बिहार में सभी प्रकार के जुए पर रोक

**पटना।** बिहार विधानसभा से मंगलवार को बिहार जुआ (प्रतिषेध) विधेयक, 2026 मानसून सत्र के दूसरे दिन सर्वसम्मति से पारित हो गया। इस विधेयक में ऑनलाइन, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, कंप्यूटर अथवा मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से खेले जाने वाले जुए सहित सभी प्रकार के जुए पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधेयक में 'बिग बैकारा', 'सिक्स-व्हील', 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून', 'केमिन डी फेर', 'क्रैप्स', 'फ्लश', 'ब्रैग', 'थ्री-कार्ड गेम', 'केनो', 'पोंटून-21', 'रूलेट', 'स्लॉट्स', सुपर पैन-9 तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए जाने वाले अन्य भाग्य आधारित खेलों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### गांजा तस्करों से संबंध महिला टीआई निलंबित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के डीजीपी वाई. बी. खुरानिया ने गांजा तस्करों से संबंधों के आरोप में बौध जिले की एक महिला पुलिस निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। बौध जिले के मानमुंडा थाने की पूर्व प्रभारी निरीक्षक तथा वर्तमान में जिले में तैनात पुलिस निरीक्षक सुष्मिता मागर के खिलाफ गंभीर कदाचार और कर्तव्य में लापरवाही के आरोपों को लेकर विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।



## हिमाचल में अब तक 66 की मौत, गुवाहाटी में लैंडस्लाइड, असम में लाखों प्रभावित

# उत्तरभारत में बारिश का कहर, सिक्किम के टनल में फंसे 10 मजदूरों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/जम्मू/गंगटोक

देशभर में मानसून सक्रिय है। कई राज्यों में आफत की बारिश हो रही है। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से मंगलवार को जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। राज्य में अब तक 66 लोगों की मौत हो चुकी है। 145 सड़कें बंद हैं। असम के गुवाहाटी में लैंडस्लाइड हुई। राज्य के 12 जिलों में 1.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। इधर, सिक्किम के नामची जिले में निर्माणाधीन सुरंग ढहने से 10 मजदूरों की मौत हो गई।

एक दिन पहले भूस्खलन से सिक्किम के नामची जिले में निर्माणाधीन सुरंग ढह गई थी। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि झोलुंगे के समरडुंग में एनएचपीसी (नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन) तीस्ता चरण-छह जल विद्युत परियोजना के तहत निर्माणाधीन सुरंग भूस्खलन के कारण ढह गई। घटना के वक्त परियोजना अधिकारी और श्रमिकों समेत कुल 25 लोग सुरंग के अंदर फंसे हुए थे। तमांग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनसे फोन पर बात की और बचाव अभियान के बारे में जानकारी ली। नामची पुलिस ने एक बयान में कहा, मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे तक 10 शव बरामद किए गए। मृतकों में से छह की पहचान हो गई है, जबकि तीन अज्ञात शवों को जिला अस्पताल सिंगतम और सर थुटोब नामग्याल मेमोरियल (एसटीएनएम) अस्पताल ले जाया गया। जिन सात ▶▶| शेष पेज 5 पर

■ उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में चीन बॉर्डर तक जाने वाली सड़क पर अचानक पहाड़ी टूटी



### सेना ने किया रेस्क्यू

सेना ने असम के बाढ़ प्रभावित गांवों में फंसे 571 लोगों को बचाया। ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ने से बड़े इलाके में पानी घुस आया है। असम के सिबसागर जिले में दारिका नदी के बाढ़ के पानी कई इलाकों तक पहुंच गया है। सड़कें पानी में डूब गई हैं और निचले इलाकों में दो-दो फीट तक पानी भर गया है।

### छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों में अलर्ट

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ और ईस्ट उत्तर प्रदेश, गोवा और सेंट्रल महाराष्ट्र में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, उत्तराखंड, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, यूपी, बिहार, असम, मेघालय और सिक्किम में बारिश का यलो अलर्ट है। अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड, केरलम के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।



### हिमाचल में भारी बारिश का कहर

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने 'रेड' अलर्ट जारी किया, जिसके मद्देनजर मंगलवार को कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहे। लगातार बारिश के कारण शिमला जिले के ठियोग, चंबा के सलूणी और कुल्लू के निरमंड में भी सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए। मंगलवार को कांगड़ा जिले के शाहपुर उप-संभाग की बोह घाटी में भारी बारिश के कारण छह घर बह गए। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। खबरों के अनुसार, बादल फटने से सपेड़ी और गरुड़ गांवों में छह घर बह गए। लाम गांव पर भी खतरा मंडरा रहा है। गांवों तक जाने वाले कई रास्ते प्रभावित हुए हैं।

### अमरनाथ यात्रा तीसरे दिन भी स्थगित

जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश और खराब मौसम के कारण बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर अमरनाथ यात्रा तीसरे दिन भी स्थगित रही।

## ईरान के दावे से मचा हड़कंप

# अमेजन के डेटा सेंटर पर क्रूज मिसाइल से हमला

एजेंसी ▶▶| दुबई

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने बहरीन में मौजूद अमेजन के एक बड़े डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया है। किसी भी कंपनी के डेटा सेंटर पर अटैक होता है तो सिर्फ उसका ही नुकसान नहीं होता, बल्कि उन कंपनियों पर भी असर पड़ता है, जो एडब्ल्यूएस की सर्विसेज यूज कर रही हैं। इससे पहले भी अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर अटैक किया था तो जवाबी कार्यवाई करते हुई कई अमेरिकी टेक कंपनियों को निशाना बनाया गया था। ज्यादातर बार टारगेट डेटा सेंटर्स ही होते हैं, क्योंकि इससे ज्यादा सर्विस डिसरप्शन होता है। अब तक इस दावे की किसी इंडिपेंडेंट एजेंसी ने पुष्टि नहीं की है। बहरीन सरकार, अमेरिका और अमेजन की ओर से भी इस पर ऑफिशियल बयान जारी नहीं किया गया है।



### ईरान बोला- अमेरिका को जवाब

ईरान का कहना है कि यह हमला अमेरिका की हालिया सैन्य कार्रवाई के जवाब में किया गया है। आईआरसीजी के अनुसार अमेरिका ने एक दिन पहले ईरान के डारखोविन इलाके में बन रहे परमाणु संयंत्र से जुड़े ठिकानों पर हमला किया था। इसी के जवाब में उसने अमेरिकी हितों से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया। ऐमेजॉन, बहरीन सरकार और अमेरिकी अधिकारियों ने भी खबर लिखे जाने तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है।

### अमेरिका और ईरान के बीच तनाव

यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच कई सैन्य हमले हुए हैं। ईरान ने बहरीन, जॉर्डन और कुवैत में अमेरिकी हितों से जुड़े कई ठिकानों को निशाना बनाने का भी दावा किया है। दूसरी ओर अमेरिका ने भी जवाबी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

### बहरीन एक महत्वपूर्ण लोकेशन

बताते चलें कि बहरीन अमेजन वेब सर्विसेज के लिए एक महत्वपूर्ण लोकेशन है। कंपनी का मिडिल ईस्ट रीजन इसी देश से संचालित होता है, जिसका यूज कई कंपनियां अपनी वेबसाइट, ऐप और क्लाउड सेवाओं के लिए करती हैं। अगर इस तरह के किसी डेटा सेंटर को नुकसान पहुंचता है तो उसका असर कई ऑनलाइन सर्विसेज पर पड़ सकता है। फिलहाल ऐसे किसी असर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## भारी हंगामे के बीच मप्र में यूसीसी बिल पास

# 'अवैध संतान' शब्द पर रोक निकाह-हलाला पर कानून

एजेंसी ▶▶| भोपाल

खास खबर

मध्य प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। सदन में विपक्ष के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा, जो हिंदू की बात करेगा, वही राज करेगा। समानता भारतीय संस्कृति का मूल है और भगवान की दृष्टि में सभी समान हैं, इसलिए कानून भी सभी नागरिकों के लिए एक जैसा होना चाहिए। यूसीसी लागू होने के बाद विवाह, तलाक, लिव-इन रिलेशनशिप, उत्तराधिकार और महिलाओं व बच्चों के अधिकारों से जुड़े कई नए प्रावधान लागू होंगे। कांग्रेस के लगातार हंगामे के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयक महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और सामाजिक समानता का कानून है तथा सभी दलों से इसका समर्थन करने की अपील की।




### नए बिल में शादी-तलाक को लेकर प्रावधान

समान नागरिक संहिता सभी समुदायों में केवल एक ही शादी (मोनोगैमी) को अनिवार्य बनाती है। कोई भी व्यक्ति एक समय में केवल एक ही जीवित जीवनसाथी के साथ शादीशुदा रह सकता है। मौखिक तलाक या अनौपचारिक पंचायत के फैसलों को पूरी तरह गैरकानूनी घोषित किया गया है। शादी और तलाक दोनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। तलाक के बाद उसी जीवनसाथी से दोबारा शादी करने के लिए 'निकाह-हलाला' जैसी अपमानजनक या नीचा दिखाने वाली शर्तों को मानना, बढ़ावा देना या मजबूर करना एक दंडनीय अपराध माना जाएगा।

### अवैध संतान की अवधारणा समाप्त

बच्चों के अधिकार और कस्टडी को लेकर संहिता में 'अवैध संतान' की अवधारणा समाप्त कर दी गई है। विवाह, लिव-इन, गोद लेने, सरोगेसी या असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी (एआरटी) से जन्मे सभी बच्चों को समान कानूनी दर्जा मिलेगा। अभिरक्षा के मामलों में अदालत बच्चे के सर्वोत्तम हित को प्राथमिकता देगी।

### लिव-इन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए साथ रहने की शुरुआत के एक महीने के भीतर रजिस्ट्रार के पास लिव-इन रिलेशनशिप का बयान जमा करना कानूनी रूप से अनिवार्य होगा। पार्टनर्स की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। बिना रजिस्ट्रेशन एक महीने से ज़्यादा साथ रहने पर 3 महीने तक की जेल या 10,000 जुर्माना हो सकता है। गलत जानकारी देने पर 3 महीने की जेल और 25,000 जुर्माना तथा रजिस्ट्रार के नोटिस के बाद भी बयान न देने पर 6 महीने तक की जेल और 25,000 का जुर्माना हो सकता है। लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा और उन्हें पूर्ण उत्तराधिकार मिलेगा।

# तीन तलाक बोलकर पत्नी व बच्चों को घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजपुर

पत्नी को तीन तलाक बोलकर बच्चों सहित घर से निकालने वाले पति के खिलाफ राजपुर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम मलगा निवासी 27 वर्षीय महिला का विवाह बरियो पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम आरा निवासी इस्तेयाक अंसारी आ. निशार अहमद (30 वर्ष) के साथ 16 मार्च 2017 को हुआ था। ग्राम आरा में पति एवं सास ससुर, जेठ-जेठानी का संयुक्त परिवार था। विवाह के एक वर्ष बाद पति तथा सास ▶▶| शेष पेज 5 पर

■ राजपुर पुलिस ने किया अपराध दर्ज

### तीसरी बार गर्भवती होने पर विवाद

इस वर्ष जब तीसरी बार गर्भवती हुई, तो पति सहित परिवार के लोग गर्भ गिराने के लिए जबरन बोलने लगे और जब मना किया तो 7 फरवरी को पति इस्तेयाक अंसारी ने मारपीट करने के साथ एक साथ तीन बार तलाक बोलकर दोनों बच्चों सहित उसे घर से बाहर कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति इस्तेयाक अंसारी, सास जैतून निशा एवं ससुर नेशार अहमद के विरूद्ध मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 4 एवं धारा 85 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# सरेंडर करो या रद्द कर देंगे जमानत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2025 में मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति की हत्या के मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी के आचरण पर मंगलवार को सवाल उठाए और सुझाव दिया कि वह आत्मसमर्पण कर मुकदमे का सामना करे। इंदौर की रहनेवाली सोनम रघुवंशी को उसके कारोबारी पति राजा रघुवंशी की हत्या के सिलसिले में पिछले वर्ष जून में गिरफ्तार किया गया था। दंपति 23 मई, 2025 को मेघालय के सोहरा क्षेत्र में घूमने के दौरान लापता हो गया था। दो जून, 2025 को राजा रघुवंशी का शव खाई से बरामद हुआ था।

■ राजा रघुवंशी हत्याकांड : सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को दी वार्निंग



### सोनम रघुवंशी पर आरोप

सोनम रघुवंशी पर मई 2025 में पूर्वी खासी हिल्स में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। सोनम को जून 2025 में गिरफ्तार किया गया और बाद में हत्या सहित कई अपराधों के लिए उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। फिलहाल मुकदमा चल रहा है।

### दौसा बस ब्लास्ट केस में फांसी की सजा रद्द

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में वर्ष 1996 में हुई भीषण बस बम विस्फोट की घटना, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई थी, उससे जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मौत की सजा पाए दोषी अब्दुल हमीद की फांसी की सजा रद्द करते हुए उसके खिलाफ नए सिरे से सुनवाई के आदेश दिए हैं। अदालत ने माना कि मामले की सुनवाई के दौरान उसे प्रभावी कानूनी सहायता नहीं मिल सकी थी। इसके साथ ही उम्रकैद की सजा काट रहे एक अन्य दोषी को बरी कर दिया गया।

## केसला के मांड नदी में कई दिनों से चल रहा था रेत उत्खनन

# अवैध उत्खनन, आई बाढ़ तो ट्रैक्टर छोड़कर भागे तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर

खास खबर

प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में नदियों से रेत उत्खनन का काम बदस्तूर जारी है। आलम यह है कि बारिश और बाढ़ की संभावनाओं के बीच बी रेत का उत्खनन बेखौफ होकर किया जा रहा है। इस बीच मंगलवार की सुबह मांड नदी में उस समय एक ट्रैक्टर चालक की जान खतरे में पड़ गई जब अवैध रेत उत्खनन के कारण नदी का जल स्तर बढ़ गया और बाढ़ आ गई। इस दौरान लोगों के साथ ही ट्रैक्टर चालक ने भागकर जान बचाई लेकिन ट्रैक्टर बाढ़ में फंस गया। इस घटना के बाद जिला प्रशासन और खनिज विभाग के दावों पर सवाल खड़ा हो गया है।

बता दें कि सरगुजा में नदियों से रेत के अवैध उत्खनन का कार्य जोर शोर से चल रहा है। जिले में प्रतापगढ़, जजगा और मोहनपुर ▶▶| शेष पेज 5 पर



### अचानक नदी का जल स्तर बढ़ने लगा

बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह ग्राम केसला स्थित मांड नदी से रेत के उत्खनन और परिवहन का कार्य चल रहा था। इस दौरान क्षेत्र में हुई बारिश के कारण अचानक ही नदी का जल स्तर बढ़ने लगा और नदी में बाढ़ जैसे हालत बन गए। सुबह 9 से 10 बजे के बीच हुई इस घटना के दौरान नदी के बीच में 4 से 5 ट्रैक्टर मौजूद थे। बाढ़ आने पर उत्खनन करने वाले लोगों के साथ ही खाली ट्रैक्टर को लेकर चालक भाग निकले।

### ट्रैक्टर डूबा, चालक ने भागकर बचाई जान

इसी बीच, ठेलसारा नवाटोली निवासी चालक रामदेव के ट्रैक्टर में रेत लोड था और वह तेजी से नदी से निकल नहीं पाया। मौत को सामने से आता देख चालक ट्रैक्टर को बीच में ही छोड़कर भाग निकला। इस दौरान देखते ही देखते ट्रैक्टर बाढ़ में समा गया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। वहीं घटना के बाद जिला प्रशासन और खनिज विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है।

## चिंतन

# अधिक संवेदनशील बने सरकार और विपक्ष

देश में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर छात्र कई दिनों से जंतर-मंतर पर आंदोलनरत हैं। वहीं, किसानों ने भी अमेरिका से प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौता (इंडिया-यूएस ट्रेड डील) को लेकर दिल्ली के किसान घाट पर महापंचायत का ऐलान किया है। इन आंदोलनों पर सरकार और विपक्ष को और अधिक संवेदनशील होना होगा। हालांकि सरकार द्वारा पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे 'घोर पाप' और 'राष्ट्रीय चिंता' का विषय बताया है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। हालांकि केवल कार्रवाई की घोषणा भर पर्याप्त नहीं है। छात्रों का विश्वास तभी लौटेगा, जब भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध होगी। बार-बार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं की मेहनत, समय और मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्षों तक तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा रद्द होने, दोबारा परीक्षा कराने और भर्ती प्रक्रियाओं में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए सरकार को तकनीकी सुरक्षा बढ़ाने, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करने और दोषियों को शीघ्र एवं कठोर दंड दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे। इससे युवाओं में व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत होगा। वहीं, लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उसकी जिम्मेदारी केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक समस्याओं को रचनात्मक ढंग से उठाना भी है। छात्रों और किसानों जैसे संवेदनशील वर्गों के मुद्दों पर विपक्ष को तथ्यों के आधार पर सरकार से जवाब मांगना चाहिए और समाधान के लिए सकारात्मक सुझाव भी देने चाहिए। किसानों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौते को लेकर किसानों के मन में यह आशंका है कि इससे उनकी आय, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि बाजार और घरेलू उत्पादन प्रभावित हो सकते हैं। यदि किसानों के मन में किसी प्रकार की शंका है, तो सरकार का दायित्व है कि वह उनसे सीधे संवाद करे, समझौते के प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी दे और यह भरोसा दिलाए कि किसी भी निर्णय में किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होगी। दूसरी ओर, किसानों को भी अपनी मांगों को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से रखने के साथ-साथ वार्ता को प्राथमिकता देनी चाहिए। आंदोलन लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन स्थायी समाधान बातचीत, आपसी विश्वास और सहमति से ही निकलते हैं। सरकार और किसान संगठनों के बीच नियमित संवाद की व्यवस्था बने, ताकि किसी भी विवाद को समय रहते सुलझाया जा सके और टकराव की स्थिति पैदा न हो। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति और उम्मीद हैं, वहीं किसान देश के अन्नदाता। यदि इन दोनों वर्गों में असंतोष बढ़ता है, तो उसका असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थिरता और विकास पर भी पड़ता है। इसलिए सरकार और विपक्ष दोनों को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर इन वर्गों की भावनाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। जब सरकार, विपक्ष, छात्र और किसान सभी संवाद तथा सहयोग का मार्ग अपनाएंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश का विकास अधिक संतुलित एवं समावेशी बन सकेगा।

# बलूचिस्तान में स्वघोषित आजादी



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिलने की उम्मीद करने लगे हैं। पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है।

रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर एक स्वघोषित बयान और पत्र वायरल हुए हैं, जिसमें बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिल जाने की उम्मीद करने लगे हैं। हालांकि इस हत्याकांड के बाद पाक सेना ने बलूचिस्तान में फ्रंटियर कोर, पुलिस व आतंकवाद निरोधक बल के साथ ऑपरेशन शाबान शुरू कर दिया है।

पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। पाक सेना ने लड़कों के पास से स्टारलिंग उपकरण जब्त किए हैं। पाक सेना का यह भी आरोप है कि अफगानिस्तान बीएलए को विद्रोही बलूचों ने करीब 85 प्रतिशत बलूचिस्तान की भूमि पर काबिज होने का दावा किया है। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है। यह पाकिस्तान का वह प्रमुख क्षेत्र है, जहां से चीन-पाक आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इसकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही वह क्षेत्र है, जहां अत्यंत दुर्लभ खनिज एवं प्राकृतिक गैसें उपलब्ध हैं। यही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बलूचिस्तान प्रांत में लंबे समय से स्वतंत्रता की जो लड़ाई चल रही है, वह अब सफलता के शिखर पर है। बलूचिस्तान को नए देश के रूप में मान्यता मिल जाती है तो 1971 के बाद पाकिस्तान की भूमि पर दूसरा बड़ा विभाजन दिखाई देगा। 1971 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी सेना को सैनिक मदद देकर पाक के दो टुकड़े कर दिए थे। अब बलूच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दिल्ली में बलूचिस्तान का दूतावास खोलने की मांग कर रहे हैं। प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता मीर यार बलूच वहां के लोगों के अधिकारों की वकालत के लिए जाने जाते हैं। बलूचों ने संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान में शांति रक्षक बल भेजने और पाक सेना को बलूच सीमा क्षेत्र से बाहर कर देने का आग्रह भी किया है। बलूचों की स्वतंत्रता की संभावना का अहसास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी जताया है। उनका कहना है कि बलूचिस्तान पर अब सेना और सरकार का नियंत्रण ढीला पड़ रहा है। यहां के हालात इतने खराब हैं कि सरकारी मंत्री तक बाहरी सुरक्षा के बिना बाहर नहीं निकल सकते हैं। सेना के जवान अपने ही देश में बंकरों में छिपे हैं। बलूचिस्तान में विद्रोह की आग चरम पर है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी आजादी की मांग करने वाला सबसे पुराना सशस्त्र अलगाववादी संगठन है। यह संगठन पहली बार 1970 में अस्तित्व में आया था। इसने जुल्फिकार अली भुट्टो के कार्यकाल में बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद कर किया था। कालांतर में सैनिक तानाशाह जिया उल हक द्वारा सत्ता हथियाने के



बाद बलूच नेताओं के साथ बातचीत हुई, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम की स्थिति बन गई थी। नतीजतन बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह खत्म हो गया था और बीएलए का भी कोई वजूद नहीं रह गया था। किंतु कारगिल युद्ध के बाद सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली। इसके बाद मुशर्रफ के संकेत पर साल 2000 में बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नवाबमिरी की हत्या कर दी गई और मुशर्रफ ने कुटिल चतुराई बरतते हुए पाक सेना से इस मामले में आरोपी के रूप में बलूच नेता खेरबक्ष मिरी को गिरफ्तार करा दिया। इसके बाद फिनिक्स पक्षी की तरह बीएलए फिर उठ खड़ा हुआ। जगह-जगह हमले शुरू हो गए।

साल 2020 में एकाएक बीएलए की ताकत बढ़ गई और बलूचिस्तान के सरकारी प्रतिष्ठानों तथा सुरक्षाबलों पर हमलों की संख्या बढ़ती चली गई। बीएलए बलूचिस्तान में चीन के प्रभाव को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि चीन बलूचिस्तान की प्राकृतिक संपदा को हड़पने का काम कर रहा है। इसी नजरिए से ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने के साथ एक बड़ा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी बना रहा है। दरअसल, भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय बलूचिस्तान को बलूचों की इच्छा के बिना बंदूक के जोर पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। जबकि वे स्वयं को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखना चाहते थे। अतएव पाक की स्वतंत्रता के समय से ही बलूचों का संघर्ष पाक सरकार और सेना से निरंतर बना हुआ है। बीएलए जब साल 2000 में वजूद में आया था, तब इसके लड़ाकों की संख्या 6000 से भी ज्यादा थी। सरदार अकबर खान बुगती एक समय बलूचिस्तान के सर्वमान्य नेता रहे हैं। इसीलिए वे बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री भी रहे थे। 26 अगस्त 2006 को पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने उनकी हत्या कर दी थी। तभी से यह संगठन पाक सेना से लोहा ले रहा है। वर्तमान में बलूच अलगाववादी और तालिबान के बीच निरंतर निकटता बढ़ रही है। वैसे भी अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के काबिज होने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं। पाक सरकार ने भी स्वीकार किया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ही बलूच लड़ाकों को प्रशिक्षित कर रहा है। बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी बीएलए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। इस सच्चाई को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी स्वीकारा है। पाक की कुल भूमि का 43.6 फीसदी हिस्सा केवल बलूचिस्तान का है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, पाक की कुल आबादी में इनकी छह प्रतिशत की भागीदारी है। इसका कुल क्षेत्रफल 3,47,190 वर्ग किमी है। यहां हिंदू, सिख और ईसाई भी रहते हैं। 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आ गए। इनमें सबसे प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। वाशिंगटन में कार्यरत संस्था गिलगित-बलूचिस्तान नेशनल कांग्रेस के सेंग सिरिंग ने मोदी द्वारा उठाए, इस सवाल का समर्थन किया है कि 'पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और बलूचिस्तान में लोगों पर होने वाले जुल्म एवं अत्याचार के बाबत पाक को दुनिया के समक्ष जवाब देना होगा ? पाक तो जवाब देने वाला नहीं है, लेकिन भारत की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह बलूचिस्तान की स्वतंत्रता में भागीदार बने ?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## राष्ट्रीय ध्वज दिवस

मोहित सिंगला



# जब तिरंगे को मिली स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय पहचान

भारत का राष्ट्रीय ध्वज केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का जीवंत प्रतीक है। आज जिस तिरंगे के नीचे पूरा देश गर्व से एकजुट होता है, उसे स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में आधिकारिक मान्यता 22 जुलाई 1947 को मिली थी। इसी दिन संविधान सभा ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्वराज ध्वज को कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ स्वतंत्र भारत का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार किया। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन था ध्वज के मध्य स्थित चरखे के स्थान पर अशोक चक्र को अपनाना, जिसने राष्ट्रध्वज को व्यापक, सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक पहचान प्रदान की। यह निर्णय स्वतंत्रता प्राप्ति से मात्र तीन सप्ताह पहले लिया गया था, लेकिन इसका



महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यह केवल ध्वज का चयन नहीं था, बल्कि उस नए भारत की विचारधारा का चयन था, जो लोकतंत्र, समानता, न्याय और निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध था। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा लंबे संघर्ष और अनेक राष्ट्रभक्तों के प्रयासों से होकर गुज़री है। वर्ष 1906 में कलकत्ता में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके बाद 1907 में सुश्री भीकाजी कामा ने जर्मनी के स्टुटगार्ट में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय ध्वज को प्रदर्शित कर विश्व का ध्यान भारत की स्वतंत्रता की आकांक्षा की ओर आकर्षित किया। वर्ष 1921 में आंध्र प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया। गांधीजी के सुझाव पर उसमें चरखे को स्थान दिया गया, जो स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतीक था। बाद में 1931 में कांग्रेस ने केसरिया, सफेद और हरे रंग वाले तिरंगे को अपने आधिकारिक ध्वज के रूप में स्वीकार किया। यही ध्वज स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे सशक्त प्रतीक बना और लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे हाथों में लेकर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। जब भारत की स्वतंत्रता निश्चित हो गई, तब यह आवश्यक समझा गया कि राष्ट्रीय ध्वज किसी राजनीतिक संगठन का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करे। इसी उद्देश्य से 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा में राष्ट्रीय ध्वज संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस प्रस्ताव को सभा के समक्ष रखते हुए कहा कि यह ध्वज स्वतंत्र भारत की आत्मा, उसकी एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक होगा। संविधान सभा ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। राष्ट्रीय ध्वज को अंतिम रूप देते समय चरखे के स्थान पर सारनाथ स्थित सम्राट अशोक के सिंह स्तंभ से प्रेरित अशोक चक्र को अपनाया गया। गहरे नीले रंग के इस चक्र की 24 तीलियां धर्म, न्याय, नैतिकता, सतत कर्म और निरंतर प्रगति का संदेश देती हैं। यह चक्र इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र को कभी ठहरना नहीं चाहिए, बल्कि निरंतर विकास और गतिशीलता की ओर अग्रसर रहना चाहिए। तिरंगे के प्रत्येक रंग का अपना विशिष्ट संदेश है। केसरिया रंग साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है।

सफेद रंग सत्य, शांति और पारदर्शिता का संदेश देता है, जबकि हरा रंग समृद्धि, कृषि, पर्यावरण और विकास का प्रतीक माना जाता है। इन तीनों रंगों के मध्य स्थित अशोक चक्र राष्ट्र के जीवन में संतुलन, न्याय और निरंतर गति का संदेश देता है। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब यही तिरंगा पहली बार स्वतंत्र राष्ट्र के ध्वज के रूप में फहराया गया। तभी से लेकर आज तक यह ध्वज देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का सर्वोच्च प्रतीक बना हुआ है। सीमाओं पर डटे सैनिकों का साहस, खिलाड़ियों की उपलब्धियां, वैज्ञानिकों की सफलताएं और प्रत्येक भारतीय की देशभक्ति इसी तिरंगे से प्रेरणा प्राप्त करती है। 22 जुलाई 1947 भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम दिवस है, जिसने भारत को केवल एक राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि उसकी लोकतांत्रिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की दिशा का प्रतीक भी प्रदान किया। तिरंगा आज भी प्रत्येक भारतीय को यह संदेश देता है कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, समर्पण और निरंतर प्रगति का संकल्प भी है। जब-जब तिरंगा आकाश में लहराता है, वह हमें उन लाखों अमर बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गर्व से खड़ा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पेट की भूख मिटाने कोई गोली इजाद नहीं?

आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इसके बावजूद सवाल यह है कि भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया?

– रविंद्र चौहान, भाटापारा

## ट्रेंड

### मेरी संवेदनाएं



सिक्किम के नामची ज़िले में बन रही सुरंग के पास भूस्खलन से हुई कीमती जानों के नुकसान से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।
- **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### भर्ती परीक्षा



झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ कब तक खिलवाड़ होता रहेगा? हेमंत सरकार के कार्यकाल में शायद ही कोई ऐसी भर्ती परीक्षा हुई हो जो बिना किसी विवाद के पूरी हुई हो। हर बार युवाओं की मेहनत, उम्मीदों और भविष्य के साथ अन्याय होता है।
- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड

### संवेदनहीनता



केंद्र सरकार एक महीने तक असंवेदनशील बनी रही और कोई बातचीत नहीं की। जब युवाओं ने सरकार तक अपनी बात पहुँचाने के लिए संसद तक मार्च करने का फैसला किया, तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े।
- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

### सार्थक बातचीत



मुझे उम्मीद है कि हमारी सरकार सोनम वांगचुक और छात्र संगठनों के साथ सार्थक बातचीत शुरू करेगी ताकि उनकी सेहत और न बिगड़े! सोनम, कृपया अपना अनशन खत्म करें। आपकी सेहत भी उतनी ही ज़रूरी है जितनी कि यह लड़ाई।
- **प्रीति ज़िंटा**, फिल्म अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# शुल्क नीति बहुत सफल रही और उपाय आएंगे सामने: ग्रीर



अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि देश की शुल्क (टैरिफ) नीति 'बेहद सफल' रही है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन उन शुल्क उपायों की जगह नए उपाय लाने की योजना बना रहा है जिन्हें अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था। ग्रीर ने 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' को दिए साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप प्रशासन ने पिछले एक साल में अमेरिका की 70 साल पुरानी व्यापार नीति को बदल दिया है और इन नए उपायों से व्यापार घाटा कम हुआ है और कारोबारों को दोबारा अमेरिका लाने में मदद मिली है। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क प्रणाली से अच्छे नतीजे मिल रहे हैं, इस पर ग्रीर ने कहा, ' हां, बिल्कुल। मेरा मानना है कि हम बेहद सफल रहे हैं।' ग्रीर ने कहा कि प्रशासन ने इस संबंध में तेजी से कदम उठाए। प्रशासन ने अमेरिका के बढ़ते व्यापार घाटे को एक ऐसी आर्थिक आपात स्थिति माना जिसके लिए कड़े फैसले लेने की जरूरत थी। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, हम व्यापार नीति बदलने में कामयाब हो रहे हैं। हम व्यापार घाटा कम करने में सफल हो रहे हैं। हम कारोबार को दोबारा अमेरिका वापस लाने में कामयाब हो रहे हैं। हम वेतन के मोर्चे पर भी बढ़त बना रहे हैं। हम इन सभी मोर्चों पर जीत रहे हैं।

## ऑफ बीट

# नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव



पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है। यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू-कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी-कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर-निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

कांग्रेस ने सांगठनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते खुद को पूरी तरह से डिजिटल फ्रेमवर्क में ढालना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पार्टी ने कांग्रेस कनेक्ट नाम से एक डिजिटल पोर्टल और ऐप तैयार किया है। इस डिजिटल मंच का मुख्य उद्देश्य पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं को एक मजबूत नेटवर्क में जोड़ना है।

## कांग्रेस कनेक्ट के जरिये अब सीधे दिल्ली से तय होगी कार्यकर्ताओं की परफॉर्मेंस

**राजनांदगांव।** इस आधिकारिक वेब पोर्टल और ऐप की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जहां कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी केवल अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर और वन टाइम पासवर्ड यानी ओटीपी के माध्यम से ही सुरक्षित तरीके से लॉग इन कर सकता है। इसके जरिये पार्टी में पारदर्शिता लाने और काम की रफ्तार बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

इस नए डिजिटल सिस्टम के जरिये अब पार्टी के भीतर काम करने का तरीका पूरी तरह से बदल गया है। अब दिल्ली स्थित केंद्रीय मुख्यालय और प्रदेश आलाकमान की तरफ से सीधे स्थानीय नेताओं को टास्क यानी विभिन्न प्रकार के काम सौंपे जा रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि इस पोर्टल पर नेताओं को दिए गए कामों की पूरी कुंडली मौजूद रहेगी।

### पंजीकृत मोबाइल नंबर और वन टाइम पासवर्ड से कर सकेंगे लॉग इन

### कार्यकर्ता को देना होगा डिजिटल सबूत

इतना ही नहीं इस सिस्टम को बेहद व्यवहारिक और पारदर्शी बनाया गया है। अगर किसी नेता या कार्यकर्ता को जमीन पर कोई काम सौंपा गया है, तो उसे कागजी दावों के बजाय डिजिटल सबूत देने होंगे। कार्यकर्ता अपने काम के प्रमाण के रूप में स्थानीय समाचार पत्रों की पेपर कटिंग सीधे पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम या आंदोलन से जुड़े वीडियो और फोटो डालने की विशेष सुविधा भी इस ऐप में दी गई है। इससे किसी भी कार्यक्रम की जमीनी हकीकत तुरंत आलाकमान के सामने आ जाएगी और फर्जी दावों पर पूरी तरह से लगाम लग सकेगी।इस नए डिजिटल प्रयोग के केंद्र में जिला कांग्रेस कमेटी यानी डीसीसी के अध्यक्षों को रखा गया है।




### हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था

कांग्रेस कनेक्ट पोर्टल और ऐप की सुरक्षा को अभेद्य बनाया गया है। इसमें किसी भी बाहरी या अनाधिकृत व्यक्ति की एंट्री को रोकने के लिए डबल लेयर सुरक्षा का इस्तेमाल किया गया है। पार्टी से जुड़े पदाधिकारी या कार्यकर्ता केवल अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के जरिये ही इसमें प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। इसके बाद उनके नंबर पर एक सुरक्षित ओटीपी आता है, जिसे दर्ज करने के बाद ही पोर्टल का एक्सेस मिलता है। इससे सांगठनिक डेटा पूरी तरह से सुरक्षित रहता है। बताया गया कि जिला और शहर अध्यक्ष की प्रोफाइल सीधे दिल्ली से बन रही है। उसके बाद ब्लॉक अध्यक्षों को स्थानीय नेता जोड़ेंगे।

### जवाबदेही और रैंकिंग का दौर

इस डिजिटल मंच के आने से कांग्रेस में अब काम के आधार पर मूल्यांकन का दौर शुरू हो गया है। दिल्ली और प्रदेश नेतृत्व से मिलने वाले टास्क की लाइव ट्रैकिंग होने से अब कोई भी नेता अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता है। काम पूरा होने और अधूरा रहने का प्रतिशत सीधा प्रोफाइल पर दिखने से पार्टी के भीतर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। डीसीसी प्रेसिडेंट की प्रोफाइल पर मिलने वाली रेटिंग अब उनके प्रदर्शन का मुख्य पैमाना बन चुकी है।

### खबर संक्षेप

## डॉक्टर के साथ मिलकर मरीज से मारपीट एएसआई लाइन अटैच



**संडी बंगला।** पलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार रात्रि पुलिस के एक सब-ए एस आई द्वारा एक मरीज के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पलारी थाना में पदस्थ एएसआई प्रभात साहू ने बिच्छु के काटने से घायल वार्ड में भर्ती मरीज के साथ अभद्रता और मारपीट की, वहीं मरीज ने थाना पलारी में लिखित शिकायत देकर पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक एवं अस्पताल के एक डॉक्टर पर मारपीट, अभद्र व्यवहार और जातिसूचक गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता संतराम बर्मन (55 वर्ष), निवासी ग्राम धौराभांठी, थाना खरोरा, जिला रायपुर ने बताया कि 19 जुलाई की रात उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि 20 जुलाई की रात करीब 12:20 बजे वार्ड में उपचार के दौरान थाना पलारी में पदस्थ एएसआई प्रभात साहू एवं अस्पताल के डॉक्टर उमरताज कुरैशी ने उनके साथ मारपीट की। शिकायत में कहा गया है कि घटना के दौरान वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों ने भी विरोध किया। पीड़ित का दावा है कि अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है।

**जिले में डबल मर्डर से फैली सनसनी**

### पिता ने बेटे को लाठी से पीटकर मारा डाला

## गुरु चेला विवाद में किन्नर को गला दबाकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

एक दिन में डबल मर्डर से जिले में सनसनी फैल गई है। गुरू चेला के विवाद में गला दबाकर किन्नर की हत्या कर दी गई, वहीं साइकिल बनवाने के विवाद में पिता ने लाठी से हमलाकर बेटे की हत्या कर दी। डबल मर्डर से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया।

सीएसपी निमितेश सिंह परहिार ने बताया कि चिल्हाटी निवासी किन्नर तन्नू खान का जोकी निवासी किन्नर मीरा उर्फ आशीष, वर्षा जान के बीच मित्रता थी और तीनों गुरू भाई थे। 17 जुलाई को वर्षा जान दिल्ली से बिलासपुर आई जिसे तन्नू खान ने पुराना बस स्टैण्ड स्थित एक होटल में रुकवाया था। 20 जुलाई को तीनों दोपहर 12 से 1 बजे के मध्य साथ में थे। मीरा उर्फ आशीष के आग्रह पर वर्षा जान और तन्नू खान जोकी उसके घर आटो से जा रहे थे। रास्ते में जरहागांव बरेला सेमरचुवा हाल मुकाम जोकी ओवरब्रिज निवासी किन्नर रिया उर्फ राकेश पिता परमेश्वर ध्रुव मिला जो मीरा के कहने पर उसके घर जाने को तैयार हो गया। तन्नू रिया के साथ स्कूटी से अपनी बड़ी मां को तालापारा स्थित अस्पताल में देखने गया। वहां से लौटकर दोनों 5 पाव देशी शराब व डेढ़ किलो मछली खरीदकर मीरा के घर आए। तन्नू खान ने मछली की सब्जी बनाई। चारों मिलकर शराब पी और मछली खाई।



### नशे में हुआ विवाद

नशे में किन्नर तन्नू खान ने मीरा से पूछा कि तुम्हारा गुरू कौन है किन्नर समाज में गुरू चेला प्रथा चलती है। चेला गुरू को सालाना 10 हजार व मासिक 2 हजार रुपए देता है। तुम मुझे अपना गुरू बनाओ नहीं तो तुम्हें मांगने खाने नहीं दूंगी। रिया बोली न मेरा कोई गुरू है और न मै किसी की चेला । मै अपना गुरू / चेला स्वयं हूं न मै किसी से लेता हूं और न किसी को देता हूं। जिससे दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। किन्नर वर्षा व मीरा ने शांत रहने समझाइश दी। नहीं मानने पर अपने गुरू तालापारा निवासी राजा किन्नर को फोन लगाकर दोनों को समझाने कहा। राजा किन्नर के समझाने पर भी दोनों नहीं माने।

### रास्ते में गला दबाकर की हत्या

विवाद के बाद तन्नू खान व रिया किन्नर गुरू राजा किन्नर से मिलने के लिए घर से पैदल साथ में निकले। रात 11 से 12 बजे के बीच एनएस 130 दलदलिहापारा बस स्टाप के पास दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। जिससे रिया ने तन्नू खान के साथ मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने रिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने मृतका तन्नू खान की मोबाइल, चप्पल, चार्जर व अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी रिया किन्नर को गिरफ्तार कर लिया है।

### नशे में घर आकर रोज करता था विवाद

तखतपुर पुलिस के अनुसार, कुसमूली निवासी मोहित श्रीवास 56 साल का बेटा विजेन्द्र कुमार श्रीवास 30 साल शराब पीने का आदी था और आए दिन नशे में घर में विवाद कर हंगामा मचाता था। उसकी हरकत से घरवाले परेशान हो गए थे। 21 जुलाई की सुबह नशे में विजेन्द्र अपने पिता से मोटर साइकिल बनवाकर लाने पर पैसा मांगा। मना करने पर विजेन्द्र गाड़ी स्वयं रखने के बात कहते हुए गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगा। आए दिन के हंगामा से त्रस्त होकर पिता मोहित श्रीवास ने बेटा विजेन्द्र के सिर पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर फट जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने घर से आरोपी पिता मोहित श्रीवास को गिरफ्तार कर लिया है।

### हाईकोर्ट

## वन विकास निगम के पदोन्नति नियमों में बदलाव अवैध : एचसी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम में डिप्टी मैनेजर (फारेस्ट्री) जूनियर के पद पर पदोन्नति के लिए 'सीनियरिटी-कम-सूटेबिलिटी' की जगह 'मेरिट-कम-सीनियरिटी' लागू करने के राज्य सरकार और निगम के फैसले को अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सेवा विनियम में संशोधन किए बिना केवल प्रशासनिक आदेश से पदोन्नति का मापदंड नहीं बदला जा सकता। जस्टिस बिभू दत्ता गुरु ने विनीत कुमार सिंह सहित अन्य प्रोजेक्ट रेंज अधिकारियों की दो याचिकाओं पर यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।

याचिकाकर्ता भिलाई निवासी विनीत कुमार सिंह, विवेक देवांगन, महेश खटकर, शिल्पी नरेड़िया, जागेश कुमार गोंड, जयपाल सिंह पवार, सरिता सिदार, अभिनंदन गोस्वामी ने 16 अप्रैल 2026 के निगम के प्रस्ताव और 12 जून 2026 को राज्य सरकार द्वारा दी गई प्रशासनिक स्वीकृति को चुनौती दी थी, जिसके जरिए प्रत्यक्ष भर्ती के रिक्त पदों को पदोन्नति से भरते समय मेरिट-कम-सीनियरिटी का सिद्धांत अपनाने की अनुमति दी गई थी। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि वे वर्ष 2017 में प्रत्यक्ष भर्ती से प्रोजेक्ट रेंज अधिकारी नियुक्त हुए थे और 2022 से पदोन्नति के लिए पात्र हैं। सेवा विनियम, 1984 के विनियम 21(2)(स) के अनुसार पदोन्नति का आधार सीनियरिटी-कम-सूटेबिलिटी है।

### चार सप्ताह में पूरी करें साइबर एक्सपर्ट की भर्ती प्रक्रिया

बिलासपुर। प्रदेश में साइबर एक्सपर्ट नहीं होने के मामले में बुधवार को हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य शासन दोनों से साफ कहा कि हर हाल में चार सप्ताह में नियुक्ति पूरी करें और अगली सुनवाई से पहले रिपोर्ट पेश करें। ध्यान रहे कि प्रदेश में साइबर अपराध के प्रकरणों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ नहीं होने को लेकर शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के माध्यम से याचिका दायर की है। पहले हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि देश भर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति केंद्र सरकार के द्वारा की जाती है। सुनवाई में कहा गया कि फिलहाल छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसी एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं हुई है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि आईटी अधिनियम राज्य के लिए धारा 79 के तहत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का कोई परीक्षक नहीं है, इस पद पर नियुक्ति की जाए। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है। साइबर अपराध हो रहे हैं, इसलिए ऐसे एक्सपर्ट की नियुक्ति बहुत जरूरी है।

### फर्जी सर्पदंश के आरोपी सिम्स चौकी के दो नगर सैनिक पुलिस रिमांड पर

**बिलासपुर।** फर्जी सर्पदंश के मामले में गिरफ्तार सिम्स चौकी के दोनों नगर सैनिक को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की है। कोर्ट ने दोनों को पूछताछ के लिए एक दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ करने में लगी है। मोबाइल कालडिटेल में मुख्य सरगना वकील से दोनों की कई बार बातचीत होने का प्रमाण मिला है। फर्जी सर्पदंश से मौत के मामले में सघन जांच के बाद 20 जुलाई को सिम्स चौकी में पदस्थ नगर सैनिक रामकुमार पाटनवार पिता स्व. देवनारायण पाटनवार 40 साल बंधवापारा सरकण्डा, रामेश्वर भास्कर पिता स्व. अंजोर दास भास्कर 53 साल अमेरी निवासी को गिरफ्तार किया गया था। 21 जुलाई को पुलिस ने दोनों नगर सैनिक को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की गई।






## वकील दंपती का सामाजिक बहिष्कार एसपी से की एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़




कानून की किताबों में लोगों को उनके अधिकार बताने वाला एक वकील दंपती अब खुद अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने पुलिस के दरवाजे तक पहुंच गया है। विकासखंड के ग्राम देवरी में अंतरजातीय विवाह को लेकर शुरू हुआ विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। अधिवक्ता नेमीचंद वर्मा और उनकी पत्नी प्रमिला सोनकर ने समाज के कुछ कथित पदाधिकारियों पर सामाजिक बहिष्कार, 35 हजार रुपये की अवैध वसूली, जबरन सामूहिक भोज कराने और मानसिक प्रताड़ना जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ को सौंपे गए आवेदन में नेमीचंद वर्मा ने बताया कि उन्होंने सितंबर 2025 में अपनी इच्छा से प्रमिला सोनकर से विधिसम्मत विवाह किया था। उनका कहना है कि विवाह के कुछ समय बाद गांव में समाज की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में कथित तौर पर यह फैसला सुनाया गया कि अंतरजातीय विवाह करने के कारण उनके परिवार पर 35 हजार रुपये का सामाजिक जुर्माना लगाया जाता है।

- अंतरजातीय विवाह के बाद 35 हजार दो भोज कराओ फिर भी समाज से बाहर रहो

शिकायत के मुताबिक उस समय उनके पास इतनी बड़ी रकम नहीं थी। बाद में परिवार ने समाज के दबाव में यह राशि जमा कर दी। लेकिन इसके बाद भी मामला खत्म नहीं हुआ। आरोप है कि उनसे पूरे समाज के लिए सामूहिक भोज कराने और समाज की आराध्य वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना करने के लिए भी कहा गया। सामाजिक बहिष्कार खत्म होने की उम्मीद में परिवार ने यह सब भी किया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें और उनकी पत्नी को समाज में दोबारा शामिल नहीं किया गया। आवेदन में दावा किया गया है कि समाज के लोगों को यह निर्देश दिया गया कि कोई भी व्यक्ति उनसे संबंध न रखे, उनके घर न जाए, उन्हें शादी-ब्याह, धार्मिक कार्यक्रम, सामाजिक बैठकों या अन्य आयोजनों में न बुलाया जाए। यहां तक कि समाज का कोई भी व्यक्ति उनके परिवार का कोई काम न करे। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस वजह से वे लंबे समय से सामाजिक अपमान, मानसिक तनाव और अलगाव का सामना कर रहे हैं।

### दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई

अधिवक्ता दंपती ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के तहत एफआईआर दर्ज की जाए, ऑडियो रिकॉर्डिंग की फॉरेंसिक जांच कराई जाए, कथित रूप से वसूले गए 35 हजार रुपये वापस दिलाए जाएं और समाज के नाम पर लोगों को सामाजिक दंड देने की पूरी व्यवस्था की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।






ऐतिहासिक

डा. टी. आर. रामटेके

# छत्तीसगढ़ के छत्तीस गढ़ों में पामगढ़

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
दुर्ग (छ.ग.)
G- 262702261/1

*निर्गम इश्यू प्राइस से बढ़कर बीएसई पर 610 रुपए में सूचीबद्ध*

# स्टेट बैंक फंड्स के आईपीओ ने 13 कर्मचारियों को बनाया करोड़पति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े फंड मैनेजर एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट की मंगलवार को लिस्टिंग हो गई। कंपनी का शेयर करीब 7 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल था। इसका मतलब है कि कंपनी को इस इश्यू से कोई पैसा नहीं मिलेगा लेकिन इस साल के सबसे बड़े आईपीओ ने कंपनी के कम से कम 13 कर्मचारियों को करोड़पति बना दिया।

***13 कर्मचारियों के पास 1 करोड़ से ज्यादा की इक्विटीः*** *एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के प्रॉस्पेक्टस के अनुसार 574 रुपए प्रति शेयर के इश्यू प्राइस पर 13 कर्मचारियों के पास 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की इक्विटी हिस्सेदारी थी। इनमें डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर देविंदर पाल सिंह को सबसे ज्यादा फायदा मिला है। उनके पास मौजूद कंपनी के शेयरों की वैल्यू लगभग 121 करोड़ रुपए है। इसके बाद फंड हाउस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर श्रीनिवासन रामा अय्यर का नंबर है जिनके पास लगभग 105 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी है।*

CGHB
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग -02 रायपुर (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**विज्ञापन क्र. 397**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग-02 शंकर नगर रायपुर के अंतर्गत निक्षेप कार्य के तहत एकलव्य खेलकूद प्राकल्प परिसर रायपुर में स्पोर्ट्स गेम्स कॉम्पलेक्स में स्प्लीट ए.सी. लगाने के कार्य हेतु मैन्युअल निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग - 02 शंकर नगर रायपुर में संपर्क कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
S-48511/1 मो.नं. 9424209041

**बिजनेस साइट**

## इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलम्पियाड में एलन के छात्रों ने तीन गोल्ड जीते



**कोटा।** इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलम्पियाड (आईसीएचओ) 2026 में भारत ने 27 वर्षों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित 58वें आईसीएचओ में भारतीय टीम ने सभी चार गोल्ड मेडल अपने नाम किए। इस उपलब्धि के साथ भारत, चीन और वियतनाम संयुक्त रूप से 93 देशों में शीर्ष स्थान पर रहे। भारतीय टीम के चार सदस्यों में से तीन छात्र एलन करियर इंस्टीट्यूट, कोटा से रहे, जिन्होंने गोल्ड मेडल जीतकर संस्थान और देश का गौरव बढ़ाया। एलन के कक्षा 11 के छात्र देबदत्ता प्रियदर्शी और हर्षित सिंगला तथा कक्षा 12 के छात्र कबीर छिल्लर ने स्वर्ण पदक हासिल किया। कबीर छिल्लर इससे पहले जेईई-एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-2 भी प्राप्त कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय विद्यार्थियों को इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल संस्थान की नहीं, बल्कि पूरे देश की है। उन्होंने बताया कि पहली बार किसी एक संस्थान के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल जीते हैं। एलन के विद्यार्थी अब तक विभिन्न आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय ओलम्पियाड में 191 पदक जीत चुके हैं, जिनमें 93 स्वर्ण पदक शामिल हैं।

## मारुति के वाहन अगस्त से 30,000 तक होंगे महंगे




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कच्चे माल और अन्य लागत में लगातार वृद्धि के असर की आंशिक भरपाई के लिए अगस्त से अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी करने घोषणा की है। मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कीमतों में बढ़ोतरी की वास्तविक राशि अलग-अलग मॉडल के अनुसार भिन्न-भिन्न होगी। कंपनी ने कहा, ''उत्पादन लागत में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए सभी मॉडल की कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है।'' यह मूल्य वृद्धि अगस्त, 2026 से प्रभावी होगी। कंपनी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से वह लागत में वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए लगातार उपाय करती रही है।

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**R.C.D. , ROAD DIVISION, SAHIBGANJ**

**e- Procurement Notice**
e-Tender Reference no.- **RCD/SAHIBGANJ/518/2026-27**
**Dated : 21.07.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | **Construction of Gopladih (on SH-18 ADB Road) to Bhognadih (on RCD Road) Road (Total Length-3.725 Km) under Road Division, Sahibganj for the year 2026-27** |
| 2 (a) | Estimated Cost (Rs) | **Rs. 31,64,19,963.00** (Rupees Thirty One Crore Sixty Four Lakh Nineteen Thousand Nine Hundred Sixty Three and Zero Paise) Only. |
| (b) | Bid Security (Rs) | **31,65,000.00** (Rupees Thirty One Lakh and Sixty Five Thousand) Only. |
| 3 | Time of Completion | 12 (Twelve) Months |
| 4 | Last date / Time for receipt of bids | 02.09.2026 upto 12.00 Noon |
| 5 | Pre-Bid Meeting | 10.08.2026 from 03.00 P.M. |
| 6 | Date of Publication of Tender on website | 04.08.2026 from 10.30 A.M. |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D. Road Division, Sahibganj |
| 8 | Contact no. of Procurement officer | 8271102250 |
| 9 | Helpline number of e- Procurement cell | 0651 - 2401010 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Note : Estimated Cost may increase or decrease

EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, SAHIBGANJ
PR 385468 (Road) 26-27 (D)

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जून में 12 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जून में लगभग 12 प्रतिशत घटकर 1.35 करोड़ रही, जबकि मई में एयरलाइन कंपनियों ने 1.53 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दी थीं। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। बीते वर्ष इसी महीने में 1.36 करोड़ यात्रियों की संख्या की तुलना में पिछले महीने यह गिरावट मामूली रही। आम तौर पर, जून, जुलाई और अगस्त का समय एयरलाइंस के लिए यात्रियों की संख्या के लिहाज से नरम होता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, जून में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 66.3 प्रतिशत हो गयी जो मई में 64.9 प्रतिशत थी। इसी दौरान एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी घटकर 23.9 प्रतिशत रह गयी जो इससे पिछले महीने 25.6 प्रतिशत थी। अकासा एयर की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 6.4 प्रतिशत हो गयी जो मई में 5.8 प्रतिशत थी। स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी घटकर पिछले महीने 1.9 प्रतिशत रही जो मई में 2.5 प्रतिशत थी। डीजीसीए ने जून के लिए यातायात आंकड़ों पर अपनी रिपोर्ट में कहा, ''घरेलू एयरलाइन कंपनियों से जनवरी-जून, 2026 के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 864.04 लाख थी, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 851.74 लाख थी।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री **संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर** 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-891)

आवश्यकता है- तेलीबांधा वी.आई.पी चौक, उरकुरा, टाटीबंध,एम.जी. रोड हेतु, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड की अतिशीघ्र आवश्यकता है। आयु सीमा- 25-45 वर्ष, कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें। **संपर्क नम्बरः-** 9981144486. (आरो-896)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु लड़के एंव लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन - 8000 से 10,000 तक **संपर्क करें- सदगुरू आटो एसोसीरीज एम.जी.रोड गुजराती स्कूल सिंधी मार्केट शिवा हार्डवेयर के बाजू में मों.-** 7773036060, 8889444544.(आरो-897)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**टीचर/गार्ड/चपरासी**

शीघ्र आवश्यकता है * शिक्षक/शिक्षिका (अंग्रेजी माध्यम) - स्नातक/डी एड, बी एड * कार्यालय सहायक - डी सी ए/12वी * गेट कीपर (गार्ड)-0 2 पद * चपरासी (भृत्य)- 04 पद * स्वीपर - 01 पद इच्छुक **संपर्क करें - उदय पब्लिक स्कूल, जामुल - भिलाई** Resum send - 7470984997.(आरो न.-4158)

**असिस्टेंट/फील्ड वर्क**

आवश्यकता है- ऑफिस असिटेंट के साथ फील्ड में भी कार्य कर सके (ऑलराउंडर) ऐसे व्यक्ति की जरूरत है कार चलाने वाले को प्राथमिकता। **खबर वर्ल्ड मिडिया ग्रुप तेलीबांधा रायपुर मो** 9329228972. (आरो-900)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन -10 , टेलीकॉलर - 2, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव - 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, **कुशालपुर मोबाइलः** 9826652461. (आरो-893)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घरेलू महिला सहायक चाहिए, उम्र 18-40। (24 घंटे को प्राथमिकता,) अन्यथा 11-12 घंटे। कपड़े व घरेलू काम, कभी बच्चे की देखभाल; काम वाली न आए तो झाड़- पोछा- बर्तन। अनुभवी जरूरी। 24 घंटे हेतु रहना- खाना। 2 छुट्टी /माह। न्यू **चंगोराभाठा, रायपुर।** 7039749769. (आरो-047)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सेल्समैन/हेल्पर**

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व हेल्पर तथा कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। 10-15 लड़के चाहिए। मिलने का समयः दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30, **प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, रायपुर, संपर्कः** 9425506658, 9424200658, 9977252503.(RO-7271)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- रायपुर में शंकर नगर स्थित एक डेंटल क्लीनिक की मार्केटिंग करने के लिए एक ग्रेजुएट लड़के की आवश्यकता है। मोबाइल और बाइक आवश्यक। **सम्पर्क करें-** 9300416538. (आरो-41452)

**पैकिंग/ऑपरेटर कार्य**

आवश्यकता है- ऑटोपाट्र्स की दुकान में पैकिंग एवं कंप्यूटर अप्रेटर कार्य हेतु लड़को और लड़कियों की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार । **संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल** 9340273375. (आरो-meet)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर** 0771-2425009.(आरो-554)

**गोडाऊन कीपर**

आवश्यकता है- सी एंड एफ में कार्य करने हेतु अनुभवी गोडाउन कीपर की आवश्यकता है । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास,भनपुरी, रायपुर । **संपर्क -** 6260655803. **(मिलने का समय - 10 से 6)** (आरो-974)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई कैलाशनगर लोकेशन हेतु, साइट सुपरवाइजर की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क-** 8898306907, 9617391190, 9713399992.(आरो न.-319)

**घरेलु कार्य/कुक**

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए महिला की आवश्यकता हैं । समयः 24 घंटे (रहकर कार्य करने हेतु) आयु : 35 से 60 वर्ष तक स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई वेतनः 12,000 प्रतिमाह, **संपर्क करें:** 9826708233.(आरो नं.-SPD/0064)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। **संपर्कः-** 7988465321, 7988465321. (आरो-048)

**CLASSIFIED RATE CARD**
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4157)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उत्पन्न किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

# जिम्बाब्वे के खिलाफ सूर्यवंशी का मिशन 150, टी20 में होंगे नंबर-1

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर गई है। इस दौरे पर टीम इंडिया को श्रेयस अय्यर की कप्तानी में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 23 जुलाई को खेला जाएगा। इस सीरीज में पहली बार वैभव सूर्यवंशी बतौर प्रमुख ओपनर बनकर गए हैं। इंग्लैंड में वैभव का प्रदर्शन खास नहीं था लेकिन अब जिम्बाब्वे सीरीज में उनके पास मौका है अपनी जगह पक्की करने का। जिम्बाब्वे दौरे पर वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर टी20 क्रिकेट का खास वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। वह तीन मैचों की सीरीज में अगर 11 छक्के लगा देते हैं तो टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 150 छक्के पूरे करने वाले नंबर 1 बल्लेबाज बन जाएंगे। वैभव के नाम अभी तक 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में दर्ज हैं।

हालांकि, इस मामले में नंबर 1 पर काबिज खिलाड़ी ने 66 पारियों में यह कारनामा किया था। नंबर 1 पर नाम है यूएई के मोहम्मद वसीम का। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के एविन लुईस और तीसरे नंबर पर क्रिस गेल हैं। अगर वैभव ने यह कारनामा किया तो वह तीनों खिलाड़ियों को पीछे छोड़ नंबर 1 बन जाएंगे।



### 23 जुलाई से भारत और जिम्बाब्वे के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज

#### टी20 सीरीज का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | : 23 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |
| दूसरा टी20 | : 25 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |
| तीसरा टी20 | : 26 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |

#### टी20 में सबसे तेज 150 छक्के

| | |
|---|---|
| मोहम्मद वसीम (यूएई) | : 66 पारी |
| एविन लुईस (वेस्टइंडीज) | : 70 पारी |
| क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) | : 72 पारी |

### सूर्यकुमार को पीछे छोड़ सकते हैं वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में अभी तक लगाए हैं। वह 11 छक्के और लगाते ही भारत समेत पूरी दुनिया में नंबर 1 बन जाएंगे। उनके नाम टी20 में सबसे तेज 150 छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो सकता है। भारत के लिए यह रिकॉर्ड 86 पारियों में सूर्यकुमार यादव ने बनाया था। यानी वैभव सूर्या को भी पीछे छोड़ सकते हैं।

### वैभव-अभिषेक ने की प्रैक्टिस

जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी देखरेख में खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस की। इस दौरान टीम के दो युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी अभ्यास करते दिखे। उनके साथ रिंकू सिंह ने भी गेंदबाजी की प्रैक्टिस की।

### सीरीज के लिए भारत का स्क्वाड

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

### 2024 के बाद पहला जिम्बाब्वे दौरा

भारतीय टीम इससे पहले जिम्बाब्वे दौरे पर 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद गई थी। अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए इसी सीरीज में डेब्यू किया था। शुभमन गिल कप्तान थे। उस सीरीज में यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ भी खेले थे।

## खबर संक्षेप



### विश्व जूनियर स्क्वाश अनाहत दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनाहत सिंह ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लिली विल्सन को आसानी से 11-2, 11-1, 11-3 से हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। आर्यवीर दीवान, युशा नफीस और गुरवीर सिंह की भारतीय तिकड़ी ने प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरव रामभिया ने रोनी हिकलिंग के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को आखिर में हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग के पहले दौर में अनिका दुबे ने जापान की अन्ना कुवाहारा को सीधे गेम में हराया और सान्वी ने पांच गेम के मुकाबले में नीदरलैंड की एल्के मोल्स को पराजित किया।

### आज से हांगकांग में विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत का 24 सदस्यीय तलवारबाजी दल बुधवार से हांगकांग में शुरू हो रही सीनियर विश्व चैंपियनशिप में जोर आजमाइश करेगा। नौ दिवसीय चैंपियनशिप एशियावर्ल्ड एक्स्पो पर आयोजित की जाएगी। भारतीय टीम में 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ी हैं, जो सभी तीन श्रेणियों एपी, फॉइल और साबरे में व्यक्तिगत और टीम वर्गों में भाग लेंगे। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता ने कहा,' विश्व चैंपियनशिप भारतीय तलवारबाजी के लिए काफी अहम है क्योंकि हमे विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के सामने खुद को आंकने का मौका मिलेगा।' टीम के साथ 5 राष्ट्रीय कोच और 2 फिजियो भी जाएंगे।

### बुडापेस्ट में होगी टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे से मान्यता प्राप्त टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर का आधिकारिक पायलट संस्करण 10 से 21 नवंबर तक हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता शतरंज के तीनों प्रारुप क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में आयोजित की जाएगी। इन तीनों प्रारुप में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी चैंपियन बनेगा। बुडापेस्ट में होने वाली प्रतियोगिता चैंपियनशिप के प्रारुप के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में काम करेगी, जिसे 2027 में विश्व स्तर पर लागू किया जाना है। फिडे ने यह भी घोषणा की है कि टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर विश्व चैंपियनशिप के लिए चैलेंजर का निर्धारण करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग प्रक्रिया का हिस्सा होगा।

### ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होंगे गेम्स

# 10 खेलों में सिमटा कॉमनवेल्थ हॉकी-कुश्ती समेत कई खेल बाहर

कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वरूप पहले के मुकाबले काफी बदला हुआ

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

स्काडलैंड के ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय दल की घोषणा हो चुकी है। इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वरूप पहले के मुकाबले काफी बदला हुआ है।

लागत कम करने के लिए खेलों को सिर्फ 10 स्पर्धाओं तक सीमित रखा गया है। हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती और क्रिकेट जैसे वे खेल इस बार कार्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, जिनमें भारत पारंपरिक रूप से सबसे ज्यादा पदक जीतता रहा है। ऐसे में इस बार भारत की पदक उम्मीदों का बड़ा दारोमदार एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स के खिलाड़ियों पर रहेगा।

### उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक मीराबाई

भारतीय दल में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू और बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन मुख्य रूप से शामिल हैं। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू उद्घाटन समारोह में देश की ध्वजवाहक हैं। खेल मंत्रालय ने इन खेलों के लिए 191 सदस्यों वाले भारतीय दल को मंजूरी दी है, जिसमें 126 खिलाड़ी (78 पुरुष और 48 महिला) और 51 टीम पदाधिकारी शामिल हैं।

### नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू, लवलीना समेत भारतीय खिलाड़ियों की सूची








#### एथलेटिक्स पुरुष टीम

गुरिंदरवीर सिंह (100 मीटर), अनिमेष कुजूर (200 मीटर), गुलवीर सिंह (5000 मीटर/10000 मीटर), तेजस शिर्से (110 मीटर बाधा दौड़), यशस पलक्ष (400 मीटर बाधा दौड़), संतोष कुमार तमिलरासन (400 मीटर बाधा दौड़), सर्वेश कुशारे (ऊंची कूद), आदर्श राम (ऊंची कूद), देव मीना (पोल वॉल्ट), कुलदीप कुमार (पोल वॉल्ट), मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद), लोकेश सत्यनाथन (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (ट्रिपल जंप), सेल्वा प्रभु (ट्रिपल जंप), समरदीप सिंह गिल (शॉट पुट), तेजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), नीरज चोपड़ा (जैवलिन थ्रो), रोहित यादव (जैवलिन थ्रो), यश वीर सिंह (जैवलिन थ्रो), तेजस्विन शंकर (डेकाथलॉन), विशाल थेन्नारासु कयालविझी (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले), राजेश रमेश (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले), अंसा बाबू (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले)।

#### राष्ट्रमंडल खेलों में होने वाली प्रतियोगिताएं

3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल, आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) ,बॉल्स और पैरा बॉल्स, बॉक्सिंग , साइकिलिंग ट्रैक और पैरा साइकिलिंग ट्रैक, जूडो, नेटबॉल स्विमिंग (तैराकी) और पैरा स्विमिंग, वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) और पैरा पावरलिफ्टिंग

#### वेटलिफ्टिंग (पुरुष) टीम

ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा), एम राजा (65 किग्रा), अजय बाबू (79 किग्रा), दिलबाग सिंह (94 किग्रा), लवप्रीत सिंह (+110 किग्रा)

**वेटलिफ्टिंग (महिला) टीम**

मीराबाई चानू (48 किग्रा), ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), संजना (77 किग्रा), सीरम निरुपमा देवी (86 किग्रा), मार्टिना देवी (+86 किग्रा)।

#### मुक्केबाजी (पुरुष) टीम

जेदुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), आदित्य प्रताप सिंह (65 किग्रा), सुमित कुंडू (70 किग्रा), अंकुश अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (+90 किग्रा)।

#### मुक्केबाजी (महिला) टीम

साक्षी चौधरी (51 किग्र), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा), प्रिया घनघास (60 किग्रा), परवीन हुडा (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)।

### महिला वनडे रैंकिंग

# टॉप-10 में हैली मैथ्यूज की स्थिति और मजबूत

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी महिला चैंपियनशिप में आयरलैंड के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने के बाद, वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज और उनकी कई साथी खिलाड़ियों ने ताजा महिला वनडे रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की है। आयरलैंड सीरीज में वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज का गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन रहा था।

प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं मैथ्यूज की आईसीसी की महिला बल्लेबाजों, गेंदबाजों और ऑलराउंडरों की रैंकिंग में टॉप-10 में उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। तीन वनडे मैचों की सीरीज में मैथ्यूज ने 265 रन बनाए और 7 विकेट लिए।

आयरलैंड पर जीत के बाद वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को फायदा



### स्टेफनी, आलिया एलेन, एफी फ्लेचर को बढ़त

अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर, ऑलराउंडर आलिया एलेन, स्पिनर एफी फ्लेचर और ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को ताजा रैंकिंग अपडेट में फायदा हुआ। आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में शानदार शतक लगाने के बाद टेलर वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर आ गईं। उसी मैच में 33 रन की पारी खेलने के बाद एलेन वनडे बल्लेबाजों की सूची में चार स्थान ऊपर चढ़कर 73वें नंबर पर पहुंच गईं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में फ्लेचर ने किया सुधार

वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में, फ्लेचर ने एक स्थान का सुधार किया और संयुक्त रूप से 21वें नंबर पर पहुंच गईं। उन्होंने सीरीज में आठ विकेट लिए, जो तीनों मैचों में किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट थे। सीरीज में अपने प्रदर्शन के बाद डॉटिन की गेंदबाजी रैंकिंग में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ और वह छह स्थान ऊपर चढ़कर 75वें नंबर पर पहुंच गईं। इस क्लीन स्वीप से कैरेबियाई टीम आठ अंकों के साथ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

### फुटबॉल

# वर्ल्ड कप हारने के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर बैन होने का खतरा



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने स्पेन और अर्जेंटीना के बीच खेले गए विश्व का फाइनल के बाद दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच हुई झड़प की जांच शुरू कर दी है। स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार खिताब जीता लेकिन अंतिम सीटी बजाने के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए, जिससे जश्न का माहौल खराब हो गया। वीडियो रीप्ले में अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पारेडेस समेत कई खिलाड़ी हाथापाई में शामिल दिखे। वीडियो में देखने से ऐसा लग रहा है कि पोरडेस ने स्पेन के एरिक गार्सिया का गला पकड़ा। जब स्पेन के स्थानापन्न खिलाड़ी गावी बीच-बचाव करने के लिए आए तो पोरडेस ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया।

■ फीफा ने शुरू की खिलाड़ियों के बीच झड़प की जांच

### स्पेनिश कप्तान को मोलिना ने की चोट पहुंचाने की कोशिश

स्पेन के कप्तान रौड्रि को अर्जेंटीना के डिफेंडर नाहूएल मोलिना ने चोट पहुंचाने की कोशिश की। मोलिना ने बाद में उन्हें घेर भी लिया था। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी और अन्य खिलाड़ी स्थिति को शांत करने के लिए तुरंत बीच में आ गए।

### अर्जेंटीना के पोरडेस हो सकते हैं निलंबित

फीफा ने कहा कि उसकी 'अनुशासनात्मक समिति ने मैच के बाद की घटनाओं के संबंध में (फीफा अनुशासनात्मक संहिता के) संभावित उल्लंघनों की जांच के लिए एक अनुशासनात्मक और नैतिक अभियोजक नियुक्त किया है।' इस संक्षिप्त बयान में जांच के लिए कोई समयसीमा नहीं दी गई और ना ही पोरडेस का नाम लिया गया। पोरडेस को मैच के बाद लाल कार्ड नहीं दिखाया गया था, लेकिन उन्हें निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

### चीन मास्टर्स टूर्नामेंट : पहले दौर में बाहर देविका और प्रणय

**चांग्झू।** भारत की देविका सिहाग और एचएस प्रणय चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। थाईलैंड ओपन सुपर 300 चैंपियन देविका ने शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन वह लय बरकरार नहीं रख सकीं और महिला एकल के पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गईं।



प्रणय का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह पुरुष एकल के पहले दौर में मलेशिया के लियोन जून हाओ से सीधे गेम में 10-21, 14-21 से हार गए। जापान ओपन की विजेता पीवी सिंधू बुधवार को हमवतन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया- बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में कमिंस, हेजलवुड और लियोन की वापसी

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

पैट कमिंस, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन के चोट से उबरकर वापसी करने से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की क्रिकेट श्रृंखला में उसके चारों प्रमुख गेंदबाज फिर से अंतिम एकादश में दिखाई दे सकते हैं।

तेज गेंदबाज कमिंस, हेज़लवुड और मिचेल स्टार्क तथा ऑफ स्पिनर लियोन लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण प्रमुख हिस्सा रहे हैं, लेकिन चोटिल होने के कारण हाल के समय में यह चारों गेंदबाज बहुत कम मैचों में एक साथ खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि वापसी करने वाले सभी गेंदबाज 'खेलने के लिए फिट हैं।'उन्होंने कहा, ' हम अभी से अंतिम एकादश को अंतिम रूप नहीं देंगे, लेकिन हम जानते हैं कि इस दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए हमारे पास मजबूत टीम है। मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी यह चारों गेंदबाज एक साथ खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।' बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 13 से 17 अगस्त तक डार्विन और दूसरा टेस्ट मैच 22 से 26 अगस्त तक मैकाय में खेला जाएगा।



#### ऑस्ट्रेलिया टीम

*पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।*

### अगस्त में शुरू होगा हॉकी का महासंग्राम, लाकड़ा, पाल और मोइरांगथाम बाहर

# विश्व कप के लिए हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें प्रो लीग का यूरोप चरण खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है।

प्रो लीग में 24 सदस्यीय टीम चुनी गई थी लेकिन विश्व कप में 20 सदस्यों की टीम ही चुनी जानी है। डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा, मिडफील्डर राजकुमार पाल और रविचंद्र सिंह मोइरांगथाम और फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति टीम में जगह नहीं बना सके हैं। भारत पिछले महीने प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद चार जीत, पांच ड्रॉ और सात हार के बाद 9 टीमों में पाकिस्तान से ऊपर आठवें स्थान पर रहा। 8 बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय टीम अब तक सिर्फ एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है। पिछली बार भुवनेश्वर में हुए 2023 विश्व कप में मेजबान भारत नौवें स्थान पर रहा था। भारत ने बार्सीलोना में 1971 में कांस्य और एम्सटर्डम में 1973 में रजत पदक जीता था।



### हरमनप्रीत को टीम की कमान

पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान होंगे। वहीं तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल का इंतजार खत्म करके भारत को कांसा दिलाने वाले मनप्रीत सिंह मिडफील्ड की रीढ होंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,' यह काफी संतुलित टीम है, जिसमें युवाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है।'

### भारतीय हॉकी टीम

**गोलकीपर :** मोहित एचएस, सूरज करकेरा
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच
**मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालागे, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलाकांता शर्मा और विवेक सागर प्रसाद
**फॉरवर्ड :** दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मनदीप सिंह और अभिषेक।

### पूल डी में पाकिस्तान के साथ भारत

*भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारत के सभी पूल मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में होंगे। भारत को 15 अगस्त को वेल्स से, 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को पाकिस्तान से खेलना है।*




देश के लिए बारिश का मौसम खुशाहली लेकर आता है। किसानों के लिए बारिश किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि भारत में 50 फीसदी से ज्यादा कृषि भूमि बारिश पर निर्भर है। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, लेकिन दूसरी तरफ बारिश के मौसम में बाढ़, लैंडस्लाइड और बादल फटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

# अचानक क्यों और कैसे फटता है बादल? जानिए आखिर क्या है वजह

**नई दिल्ली।** बादल फटने की घटना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। पहाड़ी इलाकों में अक्सर बादल फटने की घटना सामने आती हैं। बादल फटने की घटनाएं हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में होती है। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। पहलगाम, उधमपुर के अलावा राजौरी और पुंछ के पहाड़ी इलाकों में भी बादल फटे हैं, जिसके कारण भारी नुकसान हुआ है। अचानक आए सैलाब और भूस्खलन से कई घर बह गए और कई लोगों की मौत हुई है। पहाड़ी क्षेत्रों में हर साल मानसून के दौरान इसी तरह की आपदाएं आती हैं।

## पहाड़ी क्षेत्रों में हर साल मानसून के दौरान इसी तरह की आपदाएं आती हैं

### क्यों फटते हैं बादल?

अगर किसी जगह पर 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश होती है, तो उसे बादल फटना कहा जाता है। बादलों को नमी न पहुंचने की वजह से यह घटना होती है। बादलों को नमी नहीं पहुंचती है या पहुंचनी बंद हो जाती है, तो ठंडी हवा इसमें प्रवेश कर जाती है, जिसके सफेद बादल काले बादलों में बदल जाते हैं और तेजी से बारिश होती है। वातावरण में नमी और गर्मी का स्तर दोनों काफी बढ़ने पर बादल फटता है। अक्सर पहाड़ी इलाकों में ऐसी स्थिति बन जाती है। बादल फटने की पूरी प्रक्रिया विज्ञान से जुड़ी है।



### ठंडी और गर्म हवाएं टकराती हैं तो भी फट जाता है बादल

पहाड़ी क्षेत्रों में ढलान की वजह से तेजी से हवा ऊपर जाती है और बादल बन जाता है। इसके बाद ठंडी हवा के संपर्क में आते ही बारिश होने लगती है। बारिश के मौसम में जिस स्थान पर कम का हवा का दबाव होता है, उस इलाके में गर्म और नमी वाली हवा तेजी से ऊपर जाती है। इससे बादल फटने की संभावना ज्यादा होती है। इसके साथ ही अगर ठंडी और गर्म हवाएं आपस में टकराती हैं तो भी बादल फट जाता है।

### बारिश 100 किलोमीटर/घंटा

बादल फटने से होने वाली बारिश 100 किलोमीटर/घंटा होती है। बादल फटने के कारण अचानक बाढ़ आती है, जिसे कुमुलोनिम्बस बादल कहा जाता है, क्योंकि इसके कारण भारी बारिश होती है। बादल फटने की प्रक्रिया में पानी की छोटी छोटी बूंदें आपस में टकराती हैं और एक विकराल रूप धारण कर लेती हैं। इस प्रक्रिया को लैंगमुइर प्रेसिपिटेशन कहते हैं, जिसमें बारिश की बड़ी बूंदें छोटी बूंदों के साथ मिलकर तेजी से नीचे आती हैं।

# भूतिया घर में रहने की नौकरी



**टोक्यो।** क्या आप किसी भूतिया घर में रह सकते हैं? ज्यादातर लोग ऐसे घर में रहने के पहले सौ बार सोचेंगे। लेकिन, जापान में लोगों के ऐसे घरों में रहने पैसे दिए जा रहे हैं। अगर कोई भूतिया घर में रहता है, तो उसे 88,000 येन यानी करीब 52 हजार रुपए मिलते हैं।

इस काम के पीछे की वजह सिर्फ भूतों की तलाश करना नहीं है, बल्कि खाली पड़े मकानों को फिर से बेचने या किराए पर देने में मदद करना है। यहां पर लोग पूरी रात रहकर कैमरों और दूसरे उपकरणों की मदद से कथित पैरानॉर्मल एक्टिविटी की जांच करते हैं। अगर रात के समय कुछ असामान्य नहीं होता, तो प्रॉपर्टी के बारे में एक सर्टिफिकेट जारी किया जाता है ,वहां कोई पैरानॉर्मल एक्टिविटी नहीं दिखाई दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जापान में इस तरह की प्रॉपर्टी को जिक्को बुक्केन कहा जाता है।

हरिभूमि
Ninh 24x7
आवश्यकता है
रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज चैनल Ninh के लिए
कंटेंट क्रिएटर
ट्रेनिज़
डिजिटल विभाग में ट्रेनिंग कार्य हेतु फ्रेशर्स संपर्क करें।
संपर्क करें
inhnewshr@gmail.com
9522283349
07714242223

**चीन की 2030 से पहले एक स्पेसक्राफ्ट को एस्टेरॉयड से टकराने की योजना**

# आवाज से 26 गुना तेज रफ्तार अंतरिक्ष यान से एस्टेरॉयड को टक्कर मारेंगे

**बीजिंग।** चीन अपने पहले 'प्लेनेटरी डिफेंस टेस्ट' के तहत अंतरिक्ष में एक एस्टेरॉयड यानी क्षुद्रग्रह से मैक 26 यानी ध्वनि की गति से 26 गुना ज्यादा तेज रफ्तार वाले प्रोजेक्टाइल को टकराने की तैयारी कर रहा है। ये प्रोजेक्टाइल एक अंतरिक्ष यान होगा। ये मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के 'डबल एस्टेरॉयड रीडायरेक्शन टेस्ट' के मुकाबले ज्यादा एडवांस होगा। एक नए पेपर में 2030 से पहले एक स्पेसक्राफ्ट को एस्टेरॉयड से टकराने की योजना बताई गई है।

नासा का डार्ट एक 'प्रूफ-ऑफ-कांसेप्ट' था जिसने एक एस्टेरॉयड की कक्षा को थोड़ा सा बदला था। जबकि इसके उलट चीन एक ज्यादा व्यावहारिक प्लैनेटरी डिफेंस टेस्ट करना चाहता है। चीन नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन में प्लैनेटरी डिफेंस के चीफ साइंटिस्ट ली मिंगताओ की अगुवाई वाली टीम ने बताया है कि इसका मकसद पृथ्वी के सापेक्ष एस्टेरॉयड की कक्षा को सीधे तौर पर बदलना 'या यहां तक कि उसकी संरचना को तोड़ना' है।



### नासा के 'डार्ट मिशन' से कितना अलग है?

आपको बता दें कि इससे पहले अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने साल 2022 में अपने डार्ट मिशन के जरिए एक एस्टेरॉयड का रास्ता सफलतापूर्वक बदला था। हालांकि चीन का यह प्लान नासा के मिशन से काफी ज्यादा एडवांस और चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। नासा का डार्ट यान 6.1 किमी/सेकंड की रफ्तार से टकराया था, जबकि चीन का यान इससे करीब 50% ज्यादा रफ्तार (9 किमी/सेकंड) से टकराने जा रहा है। नासा ने एक एस्टेरॉयड के चक्कर लगा रहे छोटे चंद्रमा की कक्षा बदली थी जबकि चीन सीधे सूर्य का चक्कर लगा रहे स्वतंत्र एस्टेरॉयड की पृथ्वी के सापेक्ष कक्षा को बदलने का अधिक वास्तविक टेस्ट कर रहा है।

### कौन सा एस्टेरॉयड है निशाने पर और कब होगी टक्कर?

इसका टारगेट '2015 XF261' नाम का एक कम जाना-पहचाना 'नियर-अर्थ एस्टेरॉयड' है जिसे पहली बार 2015 में खोजा गया था। अनुमान है कि इसका आकार लगभग 30 मीटर है हालांकि इसके सटीक आकार के बारे में अभी भी निश्चितता नहीं है। यह टक्कर 2029 या 2030 के दौरान होने की उम्मीद है जब यह एस्टेरॉयड पृथ्वी से करीब 70 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा। इस एस्टेरॉयड के घूमने और बनावट के बारे में कोई जानकारी नहीं है लेकिन संभावना है कि यह एक ठोस चट्टान या बहुत मजबूत चीज हो।

### चीन का एस्टेरॉयड तोड़ने वाले मिशन का मकसद क्या है?

चीन नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के प्लैनेटरी डिफेंस के चीफ साइंटिस्ट ली मिंगताओ की अगुवाई में इस मिशन को तैयार किया गया है। इस प्लान का मकसद पृथ्वी को भविष्य में किसी खतरनाक एस्टेरॉयड के टकराने से बचाना है। चीनी वैज्ञानिक इस टक्कर के जरिए एस्टेरॉयड की कक्षा को सीधे तौर पर बदलना चाहते हैं या जरूरत पड़ने पर उसके ढांचे को तोड़ना चाहते हैं।



Ajay Advt.

# छत ही नहीं, अब गाड़ियों पर भी लगेंगे सोलर पैनल!

**नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि जिस मधुमक्खी के छत्ते को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, उसने सौर ऊर्जा की दुनिया में एक बहुत बड़ी क्रांति ला दी है? जी हां, आज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुराने सोलर पैनल सूरज की पूरी रोशनी को बिजली में नहीं बदल पाते। जब धूप सीधे पैनल पर नहीं पड़ती, तो काफी रोशनी टकराकर वापस लौट जाती है। लेकिन, अब इंजीनियर्स ने प्रकृति से प्रेरणा लेते हुए मधुमक्खियों के 6-कोने वाले छत्ते की नकल करके एक ऐसा 3D सोलर पैनल तैयार किया है, जो रोशनी को बाहर भागने ही नहीं देता।

**सोलर ऊर्जा की पुरानी समस्या और उसका समाधान :** आजकल इस्तेमाल होने वाले आम सोलर पैनल केवल तभी सबसे अच्छा काम करते हैं जब सूरज की किरणें बिल्कुल सीधे उन पर पड़ती हैं। जैसे ही सूरज ढलता है या कोण बदलता है, रोशनी का बड़ा हिस्सा पैनल की सतह से टकराकर रिफ्लेक्ट हो जाता है। इससे बिजली का उत्पादन काफी कम हो जाता है। इंजीनियर्स काफी समय से इस समस्या का समाधान ढूंढ रहे थे। आखिरकार उन्हें इसका जवाब प्रकृति में मधुमक्खियों के छत्ते के स्ट्रक्चर में मिला। शुरुआती टेस्ट और रिपोर्ट्स के आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं। इस नए हनीकॉम्ब डिजाइन वाले पैनल ने पारंपरिक सपाट सोलर पैनल के मुकाबले अधिकतम पावर आउटपुट में 142.3% की भारी बढ़ोतरी दर्ज की है।



### मधुमक्खी के छत्ते का 3डी जादू

इंजीनियर्स ने मधुमक्खियों द्वारा बनाए जाने वाले षट्भुजा यानी छह कोणों वाले आकार की नकल की है। उन्होंने एक 3डी अवतल सोलर पैनल तैयार किया है। जब सूरज की रोशनी इस खास पैटर्न पर पड़ती है, तो वह टकराकर बाहर जाने के बजाय अंदर की दीवारों से ही बार-बार टकराती रहती है। इससे सोलर पैनल को रोशनी से ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा सोखने का दूसरा मौका मिल जाता है। रोशनी का कम नुकसान यानी ज्यादा बिजली का निर्माण।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com